सुप्रभात

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक

# खबर मन्त्र

धनबाद और रांची से एक साथ प्रकाशित | सबकी बात सबके साथ

गुरुवार 27.06.2024


धनबाद, वर्ष 01, अंक 68

epaper.khabarmantra.net



स्पीड न्यूज

## रेल लाइन पार कर रहे बाइक सवार की ट्रेन की चपेट में आने से मौत



**तोपचांची।** नेताजी सुभाष चंद्र बोस जंक्शन से करीब 5 किलोमीटर दूर रामाकुंडा और मोहनपुर रेल लाइन पार कर रहे बाइक सवार युवक ट्रेन की चपेट में जान गंवा बैठा। बुधवार को इस घटना के बाद क्षेत्र में सनसनी फैल गई। बाइक पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार युवक रेल लाइन पार कर रहा था, तभी अचानक अप लाइन में सियालदह जम्मू तवी एक्सप्रेस की चपेट में आ गया। युवक की बाइक पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई तथा शव क्षत-विक्षत हो गया। खबर लिखे जाने तक युवक की शिनाख्त नहीं हो सकी थी। घटना के बाद आसपास के ग्रामीणों की भीड़ घटनास्थल पर जुटी हुई है।

## साधु के वेश में नाबालिग का अगवा कर ले जा रहे तीन गिरफ्तार



**गिरिडीह।** साधु के वेश में एक नाबालिग बच्ची को लेकर फरार हो रहे तीन अपराधियों को नगर थाना पुलिस दबोचने में सफल रही। वहीं पुलिस ने स्कार्पियो को बस पड़ाव के पास जप्त कर लिया है। जब्त स्कार्पियो में हरियाणा का नंबर प्लेट लगा हुआ है। जानकारी के अनुसार हरियाणा नम्बर प्लेट के वाहन से साधु के वेश में तीन अपराधी डुमरी थाना इलाके से एक नाबालिग को बेचने के उद्देश्य अगवा कर ले जा रहे थे। इसी क्रम में एसपी को मिले गुप्त सूचना के आधार पर नगर थाना प्रभारी शैलेश प्रसाद ने सर्च ऑपरेशन शुरू किया और सबसे पहले तकनीक के सहयोग से बस पड़ाव पहुंचे और स्कॉर्पियों में बैठे नाबालिग बच्ची को लेकर बैठे तीनो साधुओं को दबोच लिया। नगर थाना प्रभारी ने नाबालिग को तीनो साधुओं से मुक्त कराया और उसके डुमरी से आए परिजनों को सौंप दिया। पुलिस गिरफ्त में आए तीनों अपराधियों में सरोज लाल देवए सुनील लाल देव और त्रिपुरारी लाल देव शामिल हैं। नगर थाना पुलिस ने तीनों को जेल भेज दिया है।

## जेलगोड़ा में अनुपमा सिंह का स्वागत



**जोड़ापोखर।** कांग्रेस नेत्री अनुपमा सिंह का आवासीय कार्यालय जेलगोड़ा में पहली बार राष्ट्रीय कोलियरी मजदूर यूनियन के कार्यकारी अध्यक्ष बनने पर स्वागत किया गया है। संघन दौरा सर्वप्रथम मनाईटांड नियर झारखंड ऑफिस तेलीपाडा धनबाद निवासी श्री जयप्रकाश भगत जी के स्व सुपुत्र अमरदीप भगत उर्फ राहुल को विगत दिनों दामोदरपुर लॉ कालेज मैदान में गोली मारकर हत्या कर दी गई थी जो की इंजीनियरिंग का छात्र था। उनके परिवार से गहरी संवेदनाएं प्रकट कीं।

# गिरिडीह में 15 लाख रुपये के अवैध लॉटरी टिकट के साथ पांच गिरफ्तार

- कुछ अन्य धंधेबाजों की हुई पहचान
- एसपी ने प्रेस वार्ता में दी जानकारी

खबर मन्त्र संवाददाता

**गिरिडीह।** गिरिडीह में वर्षों से फल-फूल रहे लॉटरी के अवैध धंधे के खिलाफ पुलिस ने एक बार फिर बड़ी कार्रवाई की है। पुलिस ने नगर थाना क्षेत्र के पंजाबी मोहल्ला से खरीद बिक्री के मामले में 5 धंधेबाजों को गिरफ्तार किया है। यह जानकारी एसपी दीपक कुमार शर्मा ने बुधवार को अपने कार्यालय में प्रेस वार्ता में दी।



### लॉटरी के अवैध धंधे को बदाश्त नहीं किया जाएगा : एसपी

गिरफ्तार अभियुक्तों में 21 वर्षीय अनिल कुमार, 24 वर्षीय अभिषेक कुमार दास, पंजाबी मोहल्ला के 21 वर्षीय आदित्य दास, झरियागादी के 20 वर्षीय मो इम्तियाज अंसारी, पचंबा डरीयाडीह के 19 वर्षीय तालिब खान शामिल हैं। अभियुक्तों के पास से करीब 15 लाख रुपये के लॉटरी के टिकट बरामद किये गए हैं। एसपी ने कहा कि गिरिडीह में इस तरह के अपराध को किसी भी सूरत में बर्दाशत नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा कि लॉटरी के अवैध धंधे पर उनकी पैनी नजर है और सरगना की पहचान भी कर ली गई है। पुलिस के हाथ बहुत जल्दी ही इस धंधे के सरगना के गिरेबां तक होंगे।

### पंजाबी मोहल्ला में अवैध लॉटरी की मिली है सूनना

एसपी ने बताया कि नगर थाना क्षेत्र के पंजाबी मोहल्ला में अवैध रुप से लॉटरी टिकट की खरीद बिक्री की सूचना प्राप्त हुई। सूचना के आधार पर नगर थाना प्रभारी शैलेश प्रसाद व मुफस्सिल थाना प्रभारी श्याम किशोर महतो के नेतृत्व में टीम का गठन किया गया। टीम में नगर थाना के पुलिस अवर निरीक्षक गोविन्द कुमार साव, बिक्रम कुमार सिंह, सहायक अवर निरीक्षक नरेश उरांव, मुफस्सिल थाना के पुलिस अवर निरीक्षक सत्येन्द्र पाल, नगर थाना के आरक्षी मो शाहिद अंसारी,आरक्षी बच्चन कुमार शामिल थे। टीम ने पंजाबी मोहल्ला स्थित मदन वर्णवाल के मकान में छापामारी की और पांच अभियुक्तों को गिरफ्तार किया।

## बाइक चोर गिरोह के सरगना को मैथन पुलिस ने दबोचा, भेजा जेल

### दो वर्ष से फरार चल रहा था आसिफ रहमान

खबर मन्त्र संवाददाता



**मैथन।** मैथन ओपी प्रभारी आकृष्ट अमन के नेतृत्व में गठित पुलिस टीम ने मंगलवार की रात शिवलीबाड़ी रहमतनगर में बाइक चोर गिरोह के सरगना आसिफ रहमान उर्फ गोलू को गिरफ्तार किया है। वह दो वर्षों से फरार चल रहा था और पुलिस को चकमा देता आ रहा था। गिरफ्तारी के बाद मैथन पुलिस ने पूछताछ कर उसे बुधवार को धनबाद जेल भेज दिया है। जानकारी के अनुसार गोलू ने विगत 22 दिसम्बर 2022 को सात साथियों के साथ मैथन क्षेत्र के डायक एरिया मध्य विद्यालय के समीप एक होंडा साइन बाइक लूटी थी। भुक्तभोगी की शिकायत पर मैथन पुलिस ने कांड दर्ज करते हुए अनुसंधान जारी रखा। पुलिस ने चोरी की बाइक को निरसा के एमपीएल ओपी क्षेत्र के मदनपुर गांव से बरामद किया था और साथ ही आसिफ अंसारी एवं शेख हक्कारी नामक दो अपराधियों को भी गिरफ्तार किया था। गिरफ्तार अपराधियों ने पूछताछ में लूटकांड में शामिल सभी साथियों के नाम उगल दिये थे। पुलिस के दबाव में आफताब आलम उर्फ दानिश, मोहम्मद सलामत अंसारी, मोहम्मद सोनू अंसारी ने न्यायालय में आत्म समर्पण कर दिया था। लेकिन गोलू और मो समीर फरार चल रहा था। मैथन ओपी प्रभारी ने बताया कि बाइक लूटकांड में शामिल सात अभियुक्तों में से छह को पुलिस गिरफ्तार कर चुकी है। एक अभियुक्त मो समीर बच गया है, उसकीतलाश जारी है, जल्द ही वह भी पुलिस की गिरफ्त में होगा।

# विस्थापितों के हित में नयी नीति शीघ्र : मुख्यमंत्री

### सीएम ने धनबाद को दी 383 करोड़ 69 लाख की योजनाओं की सौगात

खबर मन्त्र ब्यूरो

**धनबाद।** धनबाद धनी जिला है, इसपर पूरे देश की नजर रहती है। यहां का कोयला पूरे देश में प्रसिद्ध है। यहां के विस्थापित और मजदूरों पर सरकार की नजर है। झारखंड सरकार ऐसी नीति लाने का काम कर रही है, जिससे कोई विस्थापित ना ह में और फायदा मिले। मुख्यमंत्री चंपई सोरेन ने बुधवार को धनबाद के बिरसा मुंडा मेगा स्पोर्ट्स कांप्लेक्स में आयोजित परिसमपत्ति वितरण समारोह में बोल रहे थे। समारोह में उन्होंने भाजपा पर कड़े प्रहार भी किये। मुख्यमंत्री इस मौके पर धनबाद को कुल 383 करोड़ 69 लाख रुपये की योजनाओं की सौगात दी। इनमें 165 करोड़ की 167 योजनाओं का उद्घघाटन एवं 148 करोड़ की 166 योजनाओं की आधारशिला रखी, जबकि 23540 लाभुकों के बीच



परिसम्पत्तियों का वितरण किया। श्री सोरेन दिन में राजकीय वायुयान से मंत्री बादल पत्रलेख व सत्यानंद भोक्ता के साथ धनबाद पहुंचे। हवाई अड्डे पर झामुमो के वरिष्ठ नेता मथुरा महतो, झरिया विधायक पूर्णिमा सिंह सहित एक दर्जन से अधिक नेताओं ने अगुवानी की तथा पुष्पगुष्छ देकर उनका स्वागत किया। हवाई अड्डा से सीएम का काफिला बिरसा मुंडा मेगा स्पोर्ट्स कांप्लेक्स पहुंचा, जहां वह राजकीय कार्यक्रम में शामिल हुए।

### धनबाद के विस्थापितों मजदूरों पर नजर

सीएम ने कहा कि यह सरकार जन भावनाओं को ध्यान में रखकर योजना तैयार कर रही है और उसे पूरा करने का काम भी कर रही है। लोकसभा चुनाव के कारण तीन माह विकास का काम रुक गया था। लेकिन अब प्रत्येक जिले में जाकर योजनाओं की सौगात दे रहे हैं। कोयले के कारण धनी धनबाद के विस्थापित और मजदूरों पर सरकार की नजर है। उन्होंने कहा कि उनकी सरकार ऐसी नीति लाने का काम कर रही है, जिससे कोई विस्थापित ना हो और फायदा मिले। हमलोग ऊंच-नीच के भेदभाव को पाटने का काम कर रहे हैं और सभी को एक समान श्रेणी में लाने के लिए दिन-रात मेहनत कर रहे हैं। डबल इंजन की सरकार की नजर केवल यहां के खनिज संपदा पर थी, लेकिन वर्ष 2019 में यहां के लोगों ने हेमंत सोरेन के हाथ में राज्य की सत्ता दी।

सत्ता मिलने के बाद सभी कोरोना की चपेट में चले गए। सरकार की पहली प्राथमिकता लोगों की सुरक्षा और प्रवासी मजदूरों को घर वापस लाना था। सरकार ने अपने लोगों की चिंता की। मुख्यमंत्री ने कहा कि इन दो सालों के बाद सरकार ने हर योजना एक एक गांव में पहुंचाई। सरकार आपके द्वारा कार्यक्रम के जरिये कई लाभ दिये।

# मुख्यमंत्री से मिलकर व्यापारियों ने की चुनाव कार्य अन्यत्र कराने की मांग

खबर मन्त्र संवाददाता

**धनबाद।** बाजार समिति चेंबर ऑफ कॉमर्स के प्रतिनिधि मंडल ने वुधवार को मुख्यमंत्री चम्पई सोरेन से मिलकर अपनी समस्याओं को रखा। चेंबर के अध्यक्ष जितेंद्र अग्रवाल ने बताया कि लोकसभा चुनाव 2024 के दरमियान बाजार समिति परिसर को प्रशासन द्वारा स्ट्रांग रूम एवं मतगणना स्थल बनाया गया और पूरे मंडी परिसर को बिना कोई पूर्व सूचना के लगातार 15 दिन तक बंद कर दिया गया। जिससे यहां का व्यापार बुरी तरह प्रभावित हुआ एवं सरकार को राजस्व की भी हानि हुई साथ ही मंडी परिसर में कार्यरत मोटीया मजदूर कर्मचारी टेंपो चालक एवं ट्रांसपोर्ट वालों के समक्ष भुखमरी की स्थिति पैदा हो गई ।उन्होंने मुख्यमंत्री से गुहार लगाई की आगामी विधानसभा चुनाव को देखकर व्यापारी अभी से भयभीत है। निवेदन है कि चुनावी प्रक्रिया को अन्यत्र कहीं संपन्न कराया जाय। मंडी परिसर को इससे मुक्त किया जाए। मुख्यमंत्री चंपई सोरेन एवं कृषि मंत्री बादल पत्रलेख ने व्यापारियों की समस्याओं को गंभीरता पूर्वक सुना एवं अविलंब इसका समाधान करने का आश्वासन दिया।



### व्यापारियों ने विधायक का जताया आभार

व्यापारियों ने झरिया विधायिका पूर्णिमा नीरज सिंह का तहे दिल से आभार प्रकट किया जिनके प्रयास से व्यापारी वर्ग अपनी समस्याओं को मुख्यमंत्री के समक्ष गंभीरता पूर्वक रख पाए। प्रतिनिधि मंडल में बाजार समिति चेंबर के अध्यक्ष जितेंद्र अग्रवाल सचिव गौरव गर्ग वरीय उपाध्यक्ष सुरेंद्र जिंदल जसविंदर सिंह उपस्थित थे।

## सरिया में बोलेरो और पिकअप वैन की चोरी का प्रयास विफल

खबर मन्त्र संवाददाता

**गिरिडीह।** जिले के सरिया में मंगलवार की रात को बोलेरो और पिकअप वैन की चोरी का प्रयास कर रहे दो अपराधी मंगलवार की रात पुलिस के दबाव पर भाग निकले। दोनों वाहनों को सरिया पुलिस ने नगर केसवारी से बरामद कर लिया है। एसडीपीओ धनंजय राम ने बताया कि अपराधी नगर केसवाड़ी से पिकअप वैन की चोरी का प्रयास कर रहे थे। सरिया पुलिस को जानकारी मिली तो थाना प्रभारी ने अपराधियों की घेराबंदी की। हालांकि अंधेरे का फायदा उठाकर अपराधी भागने में सफल रहे। अपराधियों ने कुछ देर बाद बिरनी के पेसम में भी एक बोलरो की चोरी का प्रयास किया। इस बीच सरिया पुलिस टीम ने टेक्निकल सर्विलांस के आधार पर इन अपराधियों को दबोचने का प्रयास किया। परंतु पुलिस को दूर से आते देख अपराधी फरार हो गए। पुलिस अपराधियों की तलाश में जुटी हुई है। पुलिस सूत्रों की माने तो फरार सारे अपराधी वही है जो कुछ दिनों पहले बंगाल के सेको जेवर शोरूम डकैती कर फरार हुए थे और गिरिडीह के सरिया में घुस गए थे। इसमें दो अपराधियो को उस वक्त पुलिस पकड़ने में सफल भी हुई थी। इधर एसडीपीओ धनंजय राम ने कहा की फरार अपराधियो को लेकर लगातार छापेमारी की जा रही है। जल्द ही सारे अपराधियों को दबोचा जाएगा।

## कोल डंप चालू करने के लिए प्रदर्शन

### प्रबंधन के खिलाफ की नारेबाजी, आर पार की लड़ाई की दी चेतावनी

खबर मन्त्र संवाददाता



**कतरास।** बीसीसीएल सिजुआ क्षेत्र संख्या पांच के मोडीडीह डंप 12 में लोकल सेल अविललंब चालू करने की मांग को लेकर बुधवार कोा संयुक्त मोर्चा के बैनर तले भारी संख्या में असंगठित मजदूरों ने प्रदर्शन किया। मजदूरों ने मोदीडीह कोलियरी प्रबंधन को तानाशाह बताते हुए जमकर नारेबाजी की। उनकी एक सूत्री मांग है कि मोदीडीह डंप को अति शीघ्र चालू करें, अन्यथा मजदूर आर पार की लड़ाई लड़ेंगे। मजदूरों ने कहा कि प्रबंधन यदि सचेत नहीं रहा तो कोलियरी में चक्का जाम आंदोलन किया जाएगा। बताते चलें कि डंप विगत चार माह से बंद है, जिससे सैकड़ों मजदूर बेरोजगारी की समस्या झेल रहे हैं। प्रदर्शन कर रहे मजदूर काफी आक्रोशित थे। मौके पर संयुक्त मोर्चा के प्रतिनिधियों ने कहा कि डंप चालू नहीं होने से क्षेत्र के सैकड़ों मजदूर बेरोजगार हो गए हैं। उनके समक्ष भुखमरी की समस्या उत्पन्न हो गई है। प्रेस वार्ता के जरिये संयुक्त मोर्चा के नेताओं ने मजदूरों की समस्या बताई। मौके पर सुरेश महतो, कांग्रेस नगर अध्यक्ष विकास सिंह, मनोज महतो, अनुज कुमार सिन्हा, सुखदेव विद्रोही,पप्पू सहाय, मो आजाद, गुड्डू अंसारी आदि मौजूद थे।

## तीन वर्ष से पेयजल संकट से जूझ रहे हैं कोलडीहा के ग्रामीण

- माले की अगुवाई में लोगों ने निगम का फूंका पुतला

खबर मन्त्र संवाददाता

**गिरिडीह।** नगर निगम क्षेत्र के वार्ड नंबर 24 कोलडीहा में तीन साल से पानी की घोर समस्या बनी हुई है। बुधवार को कोलडीहा नीचे टोला के माले नेता एकराम ने अपने क्षेत्र में भ्रमण कर स्थानीय समस्याओं से अवगत हुए। इस दौरान इलाके में व्याप्त पानी की समस्याओं को लेकर लोगों में खासा आक्रोश देखने को मिला। जानकारी के बाद मौके पर पहुंचे माले नेता राजेश सिन्हा की उपस्थिति में स्थानीय लोगों ने नगर निगम का पुतला फूका और निगम प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। मौके पर माले नेता राजेश सिन्हा ने कहा कि नगर निगम में 36 वार्ड है। 6 वार्ड में कोई सुविधा नहीं मिला है। कई बार अवगत कराने के बाद भी पेयजलापूर्ति को लेकर नगर निगम प्रशासन गंभीर नही दिख रही है। कहा कि लगभग 100 अलग.अलग स्थानों से नगर निगम द्वारा आपूर्ति किए जा रहे पानी को बोतल में भरकर जांच कराएंगे। ताकि पता चल सकें कि नगर निगम जो पानी पिला रहा है वह कितना शुद्ध है।मौके पर आइसा खातून जुलेखा खातून नर्गिसए फरहीनए जुबेदा निखत इसराइल लफ्फतू नासीर सोनू कलाम रियाज फिरोज पपलू गब्बर सिराज सहित कई लोग मौजूद थे।

# चंपई सोरेन राज्य में खींच रहे विकास की बड़ी लकीर : बादल पत्रलेख

### मंत्री व विधायक ने गिनाई सरकार की उपलब्धियां

खबर मन्त्र संवाददाता

**धनबाद।** शहर के बिरसा मुण्डा मेगा स्पोर्ट्स कंप्लेक्स में बुधवार को आयोजित उद्घघाटन व शिलान्यास कार्यक्रम में कृषि मंत्री बादल पत्रलेख ने कहा कि मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन राज्य में विकास की बड़ी लकीर खींचने का काम कर रहे हैं। बिना भेदभाव के योजनाओं का लाभ सभी को दिया जा रहा है। किसानों का 2 लाख तक का स्टेडिंग लोन एवं एनपीए की राशि सरकार माफ करेगी। पाइप लाइन से किसानों के खेतो में पानी पहुंचेगा। 25 साल की युवतियों को पेंशन देने की सरकार की घोषणा से 40 लाख लाभुकों के जीवन में उजियारा आया है। सर्वजन पेंशन योजना ने 22 लाख लोगों को सुकून मिला है।

### 20 हजार युवाओं को मिलेगा रोजगार

श्रम मंत्री सत्यानंद भोक्ता ने कहा कि केंद्र सरकार ने प्रधानमंत्री आवास योजना को रोक दिया। गरीब, जरूरतमंद आवास के लिए भटके नहीं, इसलिए राज्य सरकार ने अबुआ आवास योजना लाकर गरीबों को घर देने का काम किया है। राज्य में केंद्र की एक भी योजना नहीं है, सभी योजनाएं राज्य सरकार की हैं, जिसका केडिट भाजपा के लोग भी लेने में लगे हुए हैं। उन्होंने कहा कि पूर्व की सरकार ने टेंशन दिया और महागठबंधन की सरकार पेंशन दे रही है। हमलोग 18 ऐसे रोजगार के क्षेत्र हैं, जिसके लिए बिना गारंटर के 3 लाख रुपया लोन दिया जा रहा है। 50 हजार युवाओं को कैंप लगाकर रोजगार उपलब्ध करा चुके हैं। 20 हजार युवक-युवतियों को अगस्त में निजी क्षेत्र में रोजगार से जोड़ा जायेगा। प्रत्येक क्षेत्र में यह सरकार धुआंधार काम कर रही है।

### पदाधिकारी ठीक से नहीं करते काम

टुंडी विधायक मथुरा प्रसाद महतो ने कहा कि राज्य सरकार ने कई योजनाओं को धरातल पर लाने का काम किया है। पुरानी और नई योजनाओं के क्रियान्वयन की जिम्मेवारी जिले केअधिकारियों की है। पंचायत समिति, मुखिया, वार्ड सदस्य, जिप सदस्य सब परेशान रहते हैं। मुख्यमंत्री पशुधन योजना की राशि लेप्स हो गई, अधिकारी राशि खर्च नही कर पाये, कल्याण विभाग की कई योजनाएं पूरी नहीं हुई, डीएमएफटी का सबसे ज्यादा फंड धनबाद को मिलता है, लेकिन योजना धरातल पर नहीं उतर पाती है। अगर अधिकारी काम नहीं करा पाते हैं तो बदनामी सरकार की होती है। चुनाव नजदीक आने वाला है, जनता को जवाब हमलोगों को देना पड़ेगा।

### 20 सूत्री के उपाध्यक्ष ने रखी समस्याएं

20 सूत्री के उपाध्यक्ष ब्रजेंद्र सिंह ने मुख्यमंत्री से स्टेज पर मिलकर धनबाद के साथ- पूरे झारखंड में बालू की घोर कमी की जानकारी दी। उन्होंने कहा बालू घाटों का टेंडर नहीं होने से जनता के साथ सरकारी कार्य बाधित हो रहा है। इसपर जल्द निर्णय लेने का आग्रह किया। इसके अलावा उन्होंने जिले के लघु उद्योग हार्डकोक, सॉफ्ट कोक की समस्याओं से भी अवगत कराया। उन्होंने कहा कि कोलियरियों से पर्याप्त कोयला नहीं मिलने यह उद्योग चौपट हो रहा है। जिला की लगभग सभी कोलियरियों में बड़े-बड़े माफिया हावी हैं। एक गाड़ी लोड करने के लिए 70 हजार रुपये तक का नजराना लिया जाता है। इस पर अविलंब अंकुश लगाने की मांग की।

### राज्य में महिलाओं का बढ़ा सम्मान

झरिया विधायक पूर्णिमा नीरज सिंह ने कहा कि सीएम चम्पाई सोरेन के नेतृत्व व मार्गदर्शन में झारखंड के विकास की नई परिभाषा लिखी गई है। पूर्व की सरकार ने आधी आबादी को नजर अंदाज किया था, लेकिन राज्य की वर्तमान सरकार महिला, बच्चियों के विकास और उत्थान के लिए कई कदम उठाए हैं। सभी क्षेत्र में आज भरपूर विकास हो रहा है। लेकिन कुछ लोगों को हमलोगों का काम नजर नहीं आता है।

स्पीड न्यूज

## कतरास के फुलवार बस्ती में जहरीला सांप पकड़ाया

**कतरास।** फुलवार बस्ती में तुलसी राय के आवास में एक जहरीला सांप के घुस गया। खबर मिलते ही लोगों की भीड़ लग गई। लोगों ने भटमुरना के स्नैक स्नेचर सह समाजसेवी दिलीप दसौंधी को सूचना दी। उन्होंने सांप को पकड़कर एक डब्बे में बंद कर दिया। इसके बाद कतरास पुलिस की मौजूदगी में उसे वन विभाग के कर्मियों के हवाले कर दिया। मौके पर कतरास थाना की ए एस आई जोसफीना हेमब्रम, राजेश दसौंधी, नासिरउद्दीन आदि मौजूद थे।

## सविमं सिनीडीह में सम्मान समारोह आज

**कतरास।** सरस्वती विद्या मंदिर सिनीडीह में गुरुवार को दादा-दादी, नाना-नानी सम्मान समारोह का आयोजन किया जायेगा। इस कार्यक्रम में विद्यालय के छात्र-छात्राओं के दादा-दादी व नाना नानी को आमंत्रित किया गया है। यह जानकारी विद्यालय के शिक्षक नवल किशोर झा ने दी है।

## गरिमा ने दिव्यांग बच्चों से की भेंट

**धनबाद ।** नारायणी चेरिटेबल ट्रस्ट द्वारा संचालित जगजीवन नगर स्थित दिव्यांग बच्चों के स्कूल पहला कदम में बुधवार को डीआरएम कमल सिन्हा की धर्मपत्नी गरिमा सिन्हा, प्रेसिडेंट ईसीआर डबल्यूडबल्यूओ का आगमन हुआ। स्कूल में दिव्यांग बच्चों को मिलने वाले शिक्षण प्रशिक्षण, वोकेशनल थेरिपी, स्पीच थेरिपी, फिजियो थेरिपी, ऑक्युपेशनल थेरिपी, तथा स्वावलंबन के प्रयास की तारीफ करते हुए कहा कि पहला कदम का जो कदम है, उसमें समाज के हर वर्ग के लोगों को साथ देना चाहिए, जिससे वे सामान्य बच्चों की तरह समाज की मुख्यधारा से जुड़ सके। सचिव अनिता अग्रवाल ने मोमेंटो एवं तुलसी पौधा देकर सम्मानित किया।

## ग्रामीणों ने बरदा सॉफ्ट कोक इंडस्ट्रीज का किया चक्का जमाम



**गोविंदपुर ।** भेलाटांड़ स्थित बरदा सॉफ्ट कोक इंडस्ट्रीज के रात्रि प्रहरी कार्तिक महतो की आकस्मिक मौत हो गई। भट्ठा मालिक द्वारा सहयोग राशि का भुगतान नहीं किए जाने के विरोध में अमोना मोड़ के समीप ग्रामीणों ने चक्का जाम किया। बुधवार को दिन भर के चक्का जाम में अंबोनामोड़ मोड़ से भेलाटांड़ जाने वाला मार्ग पूरी तरह बाधित हो गया। वाहनों की लंबी कतार लग गई। गोविंदपुर पुलिस ने वार्ता करना चाहा, लेकिन सफल नहीं हो पाया। चक्का जाम में शामिल ग्रामीणों का कहना है कि कार्तिक महतो की मौत ड्यूटी के दौरान हो गई थी। 1 जनवरी को लाश मिलने के बाद विरोध प्रदर्शन हुआ। भट्ठा मालिक ने वार्ता के बाद 10,0000 रुपया का भुगतान किया तथा शेष राशि का भुगतान 3 किस्तों में देने का आश्वसन दिया। लेकिन अभी तक बकाया भुगतान नहीं किया गया। चक्का जाम में मनोज कुमार महतो, उष्मतों तप महतो, मनोज महतो, महेश महतो, गंगाधर महतो, सद्दाम अंसारी, मिठू महतो, बाबूलाल महतो, नंदलाल महतो आदि शामिल थे।

## जितेंद्र गुटगुटिया ने मनाया जन्मदिन

**धनबाद ।** बुधवार को लोहा बरवाअड्डा टुंडी रोड स्थित लालमणि वृद्धा सेवा आश्रम में स्वर्गीय तारा गुटगुटिया के जन्मदिन एवं संयोग से उनके पुत्र जितेंद्र गुटगुटिया का भी इसी दिन जन्मदिन के उपलक्ष्य में बुजुर्गों के संग के काटकर मनाया गया। अपने हाथों से सभी बुजुर्गों को स्वादिष्ट भोजन ी प्यार से खिलाया गया।

# डिगवाडीह में गैसीकरण में चुनौतियां और अवसर विषयक कार्यशाला शुरू

## प्रौद्योगिकी की जटिलताओं व संभावनाओं पर विचार-विमर्श

खबर मन्त्र संवाददाता



**जोड़ापोखर।** केंद्रीय खनन एवं ईंधन अनुसंधान संस्थान, धनबाद द्वारा सीएसआईआर के एक सप्ताह एक विषय ऊर्जा एवं ऊर्जा उपकरण कार्यक्रम के तहत डिगवाडीह के आदित्यनाथ लहरी सभागार में बुधवार को 'गैसीकरण में चुनौतियां और अवसर केयरिंग-2024 पर दो दिवसीय कार्यशाला का शुभारंभ किया गया।

कार्यशाला में गैसीकरण प्रौद्योगिकी की जटिलताओं और संभावनाओं का पता लगाने के लिए उद्योग जगत के गणमान्य व्यक्ति, शोधकर्ता, नीति निर्माता एवं हितधारक मौजूद थे। कार्यशाला की शुरूआत सीएसआईआर, सीआईएमएफआर के निदेशक प्रो अरविंद कुमार मिश्रा के स्वागत भाषण से हुई। उन्होंने गैसीकरण के महत्व और वैश्विक ऊर्जा चुनौतियों से निपटने में इसकी भूमिका पर जोर दिया। मुख्य अतिथि कोयला मंत्रालय के परियोजना सलाहकार आनंदजी प्रसाद ने गैसीकरण की विभिन्न संभावनाओं पर प्रकाश डाला। कार्यशाला के प्रथम दिन जेएसपीएल, अंगुल के कार्यकारी उपाध्यक्ष देवाशीष माइती ने अपने कीनोट व्याख्यान से सभी प्रतिभागियों को लाभान्वित किया।

दूसरे दिन के कीनोट व्याख्यान में डॉ वी ए मेंडे ने कहा है कि संस्थान में 20 वर्षों से प्लांट लैब स्टडी कर छत्तीसगढ़, गुजरात एवं रानीगंज में अपना विस्तारीकरण कर रहा है। उन्होंने कहा है की अंडरग्राउंड कोलिफिकेशन कार्य चुनौती पूर्ण है।

## नशा का हुआ शिकार, उजड़ा घर परिवार

खबर मन्त्र संवाददाता

**राजगंज ।** नशा का जो हुआ शिकार, उजड़ा उसका घर परिवार। मादक द्रव्य के उपयोग को लेकर राजगंज डिग्री कॉलेज में संगोष्ठी का आयोजन किया गया । संचालन एनएसएस पदाधिकारी जीवाधन महतो ने किया। संगोष्ठी को संबोधित करते हुए कॉलेज के परीक्षा नियंत्रक डॉ रणजीत सिंह ने कहा कि मादक द्रव्यों का उपयोग युवाओं में बड़ी तेजी से बढ़ा है, जिस पर रोक लगाना आवश्यक है। प्रो अरुण कुमार केसरी ने कहा कि मादक द्रव्यों के सेवन से कई गंड्डीर बीमारियां होती हैं । लोगों को जागरूक करना ही एक मात्र रास्ता है। इस अवसर पर डॉ राशु चंद्र महतो, डॉ परमेश्वर महतो, डॉ जितेंद्र महतो ,डॉ त्रिवेणी प्रसाद महतो आदि मौजूद थे।

एक नजर में

## फुजी फिल्म आयोजित वर्कशॉप में फोटोग्राफरों ने सीखी नई तकनीक, कार्यक्षमता बढ़ाने के गुर



**धनबाद।** धनबाद डिस्ट्रिक्ट फोटोग्राफर्स ट्रेड एसोसिएशन एवं झारखंड फोटोग्राफर एसोसिएशन सेंट्रल के सहयोग से बुधवार को फुजी फिल्म द्वारा एडवांस पोट्रेट फोटोग्राफी लाइटिंग वर्कशॉप का आयोजन होटल हाईवे इन, श्रीपुरम, गोविंदपुर रोड, धनबाद में किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत मेंटर आराग्या चटर्जी को अध्यक्ष सुनील कुमार सिंह एवं सुमंत सिंह (सेल्स) को सुभाष सरावगी ने पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया। इस वर्कशॉप में धनबाद के 75 फोटोग्राफरों ने हिस्सा लिया । अध्यक्ष सुनील कुमार सिंह ने सभी फोटोग्राफरों का अभिवादन करते हुए कहा कि आधुनिक मीडिया युग में एक तस्वीर ही कई चीजों का बयान कर देती है।

## पर्यटन के रूप में अधिसूचित करने की मांग



**कतरास।** श्री श्री बूढ़ा बाबा शिव मंदिर सेवा ट्रस्ट झींझी पहाड़ी कतरास बाजार के अध्यक्ष एल पी महतो ने मुख्यमंत्री को पत्र लिखा है। पत्र में भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण विभाग से प्रमाणित नौवीं सदी की धरोहर बूढ़ा बाबा शिव मंदिर को पर्यटन स्थल के रूप में अधिसूचित करने, इसके संरक्षण और संवर्धन के संदर्भ में उचित कदम उठाने की मांग की गई है। पत्र में उन्होंने कहा है कि पर्यटन निदेशालय का पत्र मिलने पर जिला पर्यटन संवर्धन समिति ने बाघमारा के अंचलाधिकारी से पर्यटन स्थल अधिसूचित करने संबंधी जानकारी उपलब्ध कराने की अनुशंसा की थी। चलाधिकारी ने रिपोर्ट जिला योजना पदाधिकारी धनबाद को भेजी है। गत वर्ष 30 अक्टूबर को पत्रांक 2 के जरिये एक डीपीआर दिया गया है। पत्र में मुख्यमंत्री से इस ऐतिहासिक प्राचीन धरोहर को अधिसूचित करते हुए क्षेत्र के सर्वांगीण विकास की मांग की गई है।

# आउटसोर्सिंग कंपनी ने फिर 25 मजदूरों को हटाया

## चक्का जाम से काम काज पड़ा ठप, स्थिति तनावपूर्ण, पुलिस बल तैनात

**भड़का आक्रोश**

खबर मन्त्र संवाददाता



**कतरास ।** कैलूडीह स्थित जीटीए आउटसोर्सिंग में मजदूर व प्रबंधन के बीच विवाद गहराता जा रहा है। बुधवार को प्रबंधन ने फिर 25 कर्मियों को हटाने का नोटिस चिपका दिया, जिससे मजदूरों में तीव्र आक्रोश है। बताते चलें कि मंगलवार को भी 25 कर्मियों को हटाने का नोटिस चिपकाया गया था, जिसके बाद से यहां आउटसोर्सिंग का चक्का जाम है। काम काज ठप पड़ा हुआ है। आउटसोर्सिंग कंपनी की नीतियों से मजदूरों में आक्रोश बढ़ता ही जा रहा है जो कभी भी विस्फोटक रूप ले सकता है।

बंदी से जहां आउटसोर्सिंग कंपनी को भारी नुकसान हो रहा है, वहीं बीसीसीएल भी अछूता नहीं है। उत्पादन नहीं होने से बीसीसीएल की स्थिति दिन-ब-दिन चरमरा रही है। विधि व्यवस्था बनाए रखने के लिए चप्पे चप्पे पर पुलिस बल तैनात कर दिया गया है। प्रबंधन और मजदूरो की आपसी तनातनी में माहौल काफी गर्म हो गया है।

**कंपनी इन मजदूर को दिया नोटिस**

आउटसोर्सिंग कंपनी ने जो मजदूरों को नोटिस थमाया है, उसमें मो रियाज, रियाज अंसारी, नजीर अंसारी, मनोहर यादव, जाहिद अंसारी, अमर कुमार राय, उपेंद्र कुमार, मनोज कुमार दास, आसिफ अंसारी, जुबेर अंसारी, चांद खान, अमर कुमार राय, इकबाल आलम, बबलू सिद्दीकी, अजय कुमार यादव, अलीमुद्दीन अंसारी, सुनील ड्ढ्ढाइयां, राहुल भुइयां, इश्तिहार अंसारी, अफरोज अंसारी, अजय यादव, विनोद यादव, मनोहर यादव, शिव मुनि यादव शामिल है।

## अपर महामंत्री जियाउद्दीन का हुआ भव्य स्वागत



**गोमो ।** ईस्ट सेंट्रल रेलवे कर्मचारी यूनियन के अपर महामंत्री सह धनबाद रेल मंडल के पी एन एम प्रभारी मोहम्मद जियाउद्दीन का बुधवार को गोमो रेलवे स्टेशन पर भव्य स्वागत किया गया। मोहम्मद जियाउद्दीन 27 व 28 जून को धनबाद में सेंट्रल काउंसिल मीटिंग में भाग लेने के लिए आनंद विहार संतरागाछी एक्सप्रेस ट्रेन से गोमो पहुंचे थे। गोमो शाखा के यूनियन नेताओं से वार्ता के बाद वह धनबाद रवाना हो गए। स्वागत करने वालों में शाखा सचिव पी के सिन्हा, स्टेशन प्रबंधक एस एन झा, अध्यक्ष ए के भगत, सचिव रुपेश कुमार, डीसी यादव, आर बी चौधरी, निरंजन कुमार, सतीश कुमार, सुधीर कुमार शामिल थे।

## बिजली के वोल्टेज की अस्थिरता से त्रस्त

**सिंदरी ।** सिंदरीवासी इन दिनों बिजली वोल्टेज फलक्कुएशन से त्रस्त हैं। उन्हें बिजली के उपकरणों के खराब होने का डर सता रहा है। वे अब विभाग की ओर टकटकी लगाने की बजाए सोलर एनर्जी की ओर मुड़ते दिखाई दे रहे हैं और इसका खामियाजा राज्य सरकार को भुगतना पड़ सकता है। दिसंबर 2002 में उर्वरक कारखाना एफसीआईएल के बंद होने के बाद से सिंदरीवासियों की विद्युत व्यवस्था पर झारखंड बिजली विभाग का ग्रहण लग गया था। इससे सिंदरीवासी आज ड्ड्ढी त्रस्त हैं। सिंदरी टाउनशिप के सड्ढी क्षेत्रों में वोल्टेज की स्थिति काफी दयनीय है। कभी वोल्टेज 90 आ रहा होता है तो क्षण भर में यह 190 हो जाता है और फिर पुनः क्षण भर में 70 वोल्टेज का पैमाना खड़ा दिखाई देता है। सिंदरीवासियों का कहना है कि यही हालत रही तो घरों में बिजली के उपकरण खराब हो जाएंगे और इसका खामियाजा हम सभी को भुगतना होगा। सिंदरीवासियों ने धीरे धीरे मन बनाना शुरू किया है कि वह अब केन्द्र सरकार की सोलर योजना की बिजली का उपयोग करेंगे। इससे बिजली की खपत कम होगी। झारखंड बिजली विड्डाग के सुपरिटेंडेंट अभियंता एस कश्यप ने बताया कि लो वोल्टेज और वोल्टेज फलक्कुएशन को लेकर सिंदरी के ट्रांसफर्मरों में तेल डाले गए हैं।

# सहायक अध्यापक संघर्ष मोर्चा ने विधायक प्रतिनिधि को सौंपा ज्ञापन



**धनबाद।** बुधवार को वेतनमान सहित अन्य मांगो को लेकर झारखण्ड सरकार के मंत्री विधायक को घेरेंगे और मांग पत्र, सौपेंगे। झरिया विधायक पूर्णिमा नीरज सिंह के प्रतिनिधि के डी पांडेय को राज्य सदस्य निरंजन कुमार दे, सुशील पांडेय, जिला सदस्य -उत्पल चौबे ,सुमन लता पांडेय के नेतृत्व में मांग पत्र सौंपा। मोर्चा के निरंजन दे एवं सुशील कुमार पांडे ने रूप से कहा कि मांगें पूरी नहीं होने पर 20 जुलाई से पूर्व मुख्यमंत्री आवास का अनिश्चितकालीन घेराव किया जायेगा। पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने सरकार बनने के तीन माह में वेतनमान देने वायदा सवा चार वर्षों में भी पूरा नहीं किया। पिछले चार माह से राज्य में चंपई सोरेन की सरकार है, जो स्वयं को हेमंत पार्ट 2 कहती है, लेकिन इसमें भी पारा शिक्षकों का कुछ काम नहीं हुआ।

## मिलन समारोह में लोगों ने जदयू का दामन थामा

**कतरास ।** श्यामडीह मोड़ स्थित यूथ फोर्स प्रधान कार्यालय में आयोजित मिलन समारोह में टुंडी विधानसभा क्षेत्र के अरुण महतो, संतोष सिंह, नरेश सिंह एवं जगेश्वर दास ने जदयू पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। जदयू के प्रदेश महासचिव दीप नारायण सिंह ने सभी को बधाई देते हुए कहा कि आने वाले विधानसभा चुनाव में जदयू पार्टी मजबूत विकल्प के रूप में उभरेगी। मौके पर जदयू के इम्तियाज खान, अशोक कुमार दास, संजय दे, बिनोद सिंह, सुभाष सिंह आदि मौजूद थे।

## भाजपा 'एक पेड़ मां के नाम' की तैयारियों में जुटा

खबर मन्त्र संवाददाता



**धनबाद ।** भारतीय जनता पार्टी धनबाद महानगर के बरटांड मंडल में भारतीय जनता पार्टी के द्वारा चलाए जा रहे अभियान एक पेड़ मां के नाम के निमित भाजपा झारखंड प्रदेश महिला मोर्चा कोषाध्यक्ष रमा सिन्हा के आवास , बूथ नंबर 137 में पौधा रोपण किया गया । धनबाद महानगर अध्यक्ष श्रवण राय भी उपस्थित थे उन्होंने अपने संबोधन मे कहा प्रधान मंत्री द्वारा विश्व पर्यावरण दिवस पर वृक्ष लगा कर एक पेड़ मां के नाम से कार्यकर्म की शुरूआत किया गया है जिसे भाजपा का प्रत्येक कार्यकर्ता एक एक पेड़ लगाने का काम करेगा। भाजपा महानगर द्वारा तैयारी की जा रही है। वृक्षारोपण से ग्लोबल वार्मिंग को रोकने मे काफी हद मदद मिलेगी और साथ ही पर्यावरण संरक्षण में भी मददगार साबित होगा। रमा सिन्हा ने अपने संबोधन मे कहा अपने घर के आस पास खाली जगहों पर फलदार वृक्ष लगाए साथ ही आस पास के खाली मैदान मे नीम, पीपल, बरगद अति महत्वपूर्ण वृक्ष को भी लगाए इस से वातावरण की सुद्धिकरण भी होगी, जल संकट, गर्मी में बढ़ते तापमान और ग्लोबल वार्मिंग जैसे संकट को भी दूर करने मे एक छोटी सी सहयोग होगी। आज मैंने अपने माता जी हेमलता सिन्हा के द्वारा एक फलदार वृक्षारोपण कर इसकी शुरूवात की हूं और आगे इसे बड़े पैमाने पर लगाने का भी कार्य की रूपरेखा भी तैयार हो गई है।

## एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत हर बूथ पर लगाएं 10 पेड़: जिलाध्यक्ष

खबर मन्त्र संवाददाता




**धनबाद।** विश्व पर्यावरण दिवस पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने विगत 5 जून को नई दिल्ली में 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान का शुभारंभ किया था। इसी के तहत बुधवार को धनबाद के भाजपा महानगर अध्यक्ष श्रवण राय ने कार्यालय में बैठक कर सभी कार्यकर्ताओं को अपने अपने बूथ क्षेत्र में 10 पौधे लगाने को कहा, ताकि प्रधानमंत्री के पर्यावरण संरक्षण से सभी लोग जुड़ें। भाजपा महानगर अध्यक्ष बताया कि प्रधानमंत्री किस तरह देश को बेहतर बनाने के लिए कार्यक्रम चलते आए है। उसी तरह पर्यावरण संरक्षण के लिए अधिक से अधिक पौधे लगाएं। 'एक पेड़ मां के नाम' कार्यक्रम शुरू किया गया है। निर्णय लिया है कि भाजपा के सभी कार्यकर्ता अपने अपने बूथ पर कम से कम 10 वृक्ष लगाएं और देख रेख ड्ढी करें। एक बूथ में भाजपा के हजारों कार्यकर्ता हैं, जिससे हर बूथ में लाखों पौधे लगेंगे, जिससे ग्लोबल वार्मिंग के खतरे से बचा जा सकता है। इस अभियान की सफलता हेतु जिला मीडिया प्रभारी मिल्टन पार्थसारथी को संयोजक तथा महेश पासवान और उचित महतो को सह संयोजक बनाया गया है। सभी 17 मंडल में दो दो प्रभारी बनाए जाएंगे।

## उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राएं सम्मानित




**धनबाद।** धनबाद जिला के आईआईटी (आईएसएम) गोल्डन जुबली सभागार में बुधवार को कोचिंग एसोसिएशन ने 10 वीं और 12 वीं के लगभग 2300 से अधिक छात्र-छात्राओं के लिए सम्मान समारोह का आयोजन किया। मुख्य उद्देश्य छात्र-छात्राओं के मनोबल और प्रतिभा को आगे बढ़ाना है। मुख्य अतिथि आईआईटी आईएसएम के प्रोफेसर धीरज आनंद ने जिले के उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्रों को पुष्प और मोमेंटो देकर सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि इस तरह के कार्यक्रम से छात्रों का मनोबल बढ़ता है। जिस तरह का प्रदर्शन छात्रों ने पिछले सत्र में किया उसके लिए सभी को शुभकामनाएं। उम्मीद है कि आने वाले समय में धनबाद के छात्र छात्राएं और भी बेहतर प्रदर्शन करेंगे।

## खेल अधिकारी ने झंडी दिखाया मैराथन दौड़ में शामिल हुए छात्र-छात्राएं और अधिकारी

# मादक पदार्थों के विरुद्ध रन फॉर ड्रग्स फ्री झारखंड

खबर मन्त्र संवाददाता



**गिरिडीह।** मादक पदार्थों के विरुद्ध व्यापक जन जागरुकता अभियान के तहत बुधवार की सुबह जिला प्रशासन द्वारा झंडा मैदान से रन फॉर ड्रग्स फ्री झारखंड मैराथन दौड़ का आयोजन किया गया। जिसमें प्रशासनिक अधिकारियों के अलावा काफी संख्या में स्कूल के छात्र छात्राएं व अन्य लोग शामिल हुए। रैली को अपर समाहर्ता दीपक सिंह बिरूआ और खेल अधिकारी अर्जुन बारला ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। रैली के माध्यम से लोगों को नशा से दूरी बनाए रखने का आह्वान किया गया। अपर समाहर्ता ने नशे से दूरी बनाए रखने का आह्वान किया। कहा कि नशा सिर्फ घर और परिवार को बर्बाद करता है। इसलिए युवा पीढ़ी को खुद और अपने घर के पुरुषों को नशे से दूर रहने को कहना चाहिए। सदर अनुमंडल पदाधिकारी ने कहा कि गिरिडीह जिले को नशामुक्त बनाने के उद्देश्य से आज यह मैराथन दौड़ का आयोजन किया गया है। जिला समाज कल्याण पदाधिकारी ने नशा के दुष्परिणाम की विस्तृत जानकारी देते हुए कहा कि नशा से सिर्फ एक व्यक्ति ही नहीं बल्कि उसका पूरा परिवार प्रभावित होता है।

### जीवन को चुनें, ड्रग्स को नहीं : सुमिता खलखो

**मैथन।** बीएसके कॉलेज मैथन में नशा मुक्ति को लेकर आयोजित दो दिवसीय कार्यक्रम का समापन बुधवार को हुआ। इस दौरान विद्यार्थियों के बीच कई प्रतियोगिताएं आयोजित की गई। समापन समारोह का संचालन करते हुए रूसा समन्वयक सुमिता खलखो ने विद्यार्थियों को नशा से दूर रहने का संकल्प दिलाया। उन्होंने विद्यार्थियों को प्रेरित करते हुए कहा कि वे जीवन को चुनें, ड्रग्स को नहीं, मित्र के दबाव में न आएं। डा अंजली कुमारी ने कहा कि नशा मानसिक बीमारी है। पहला- न बोलकर, दूसरा- नशा की उपलब्धता को समाप्त कर, तीसरा- पुलिस प्रशासन की सहायता लेकर, चौथा- नशा मुक्ति केन्द्र की शरण में जाकर लड़ा जा सकता है।

## मुखिया ने विद्यालय में किया पुस्तक वितरण



**कुमारधुबी।** निरसा 3 मध्य विद्यालय में बुधवार को एग्यारकुंड दक्षिण पंचायत के मुखिया अजय राम व स्कूल के प्रभारी प्रमोद झा ने पुस्तक वितरण किया। मुखिया ने कहा कि झारखंड सरकार द्वारा विद्यालय के छात्र छात्राओं को निःशुल्क पाठय पुस्तक देना सराहनीय कदम है। प्रभारी प्रधानाध्यापक प्रमोद कुमार झा के नेतृत्व में शांत माहौल में शैक्षणिक वातावरण है। मूलभूत संसाधन की कमी रहने के बावजूद विद्यालय में शिक्षण व्यवस्था अच्छी है। विद्यालय के प्रभारी झा ने कहा कि किताब पढ़ने का उद्देश्य है साक्षर बनना, हिसाब किताब रखना व उच्च शिक्षा प्राप्त करना। मौके पर विदन मंडल, प्रमोद राव, कुमारी सोना, पंपी खान, वार्ड सदस्य अनीता बाउरी, बालिका कोडा, हेमलाल बाउरी, मारुति बाउरी, अर्पणा बाउरी, दुलाल बाउरी, चंदन बाउरी, जमुना बाउरी, राजेश बाउरी आदि मौजूद थे।

स्पीड न्यूज

### कामता गांव में सड़क दुर्घटना में एक व्यक्ति की मौत

**टंडवा (चतरा)।** प्रखंड क्षेत्र के ग्राम कामता अंतर्गत चांदनी चौक के समीप एक सड़क दुर्घटना में कामता गांव निवासी सरफुद्दीन मियां के 40 वर्षीय पुत्र जुबेर अंसारी की मौत हो गई। जुबेर अंसारी अपने घर से रांची जा रहा था तभी कामता के चांदनी चौक में एक ट्रक ने उसे टक्कर मार दी। ग्रामीणों की मदद से उसे हजारीबाग अस्पताल ले जाया गया, लेकिन उसकी हालत गंभीर होने के कारण उसे रांची रिम्स रेफर कर दिया गया। दुर्भाग्य से, रास्ते में ही उसकी मृत्यु हो गई।

### मुखिया संघ ने किया मुख्यमंत्री से मुलाकात, सौंपा ज्ञापन

**सिमरिया (चतरा)।** प्रखंड मुखिया संघ के सदस्यों ने मुख्यमंत्री चंपई सोरेन से मुलाकात किया और छह सुत्रीय मांग का एक ज्ञापन सौंपा। संघ के नेतृत्व झामुमो नेता मनोज चंद्रा और मुखिया संघ के अध्यक्ष विनोद महतो कर रहे थे। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री संघ के सदस्यों से आत्मीय ढंग से मिले और संघ के सदस्यों की समस्याओं से अवगत हुए।

### जिला स्तरीय अनुमोदन एवं अनुश्रवण समिति की बैठक संपन्न

**चतरा।** जिले में प्री मैट्रिक छात्रवृत्ति हेतु जिला स्तरीय अनुमोदन एवं अनुश्रवण समिति की बैठक हुई। बैठक में वित्तीय वर्ष 2023-24 में सरकारी / अर्द्धसरकारी विद्यालय में अध्ययनरत छात्र / छात्राओं को छात्रवृति भुगतान के संदर्भ में जानकारी दी गई। चतरा जिले में कक्षा 01 से 10 तक संचालित कुल विद्यालयों में से 1571 के प्रधानाध्यापकों द्वारा ई-कल्याण पोर्टल पर कुल 114993 छात्र/छात्राओं का रजिस्ट्रेशन किया गया। जिसमें से 99447 छात्र / छात्राओं का सत्यापन किया गया। डीएनओ लेवल द्वारा कुल 69798 छात्र / छात्राओं का सत्यापन उपरांत जिला स्तरीय कमिटी द्वारा 24 नवंबर 2023 तक कुल 69798 को स्वीकृत किया जा चुका है।

### वेल्डिंग करने के दौरान करंट लगने से एक की मौत

**डोमचांच (कोडरमा)।** थाना क्षेत्र अंतर्गत सीएम हाई स्कूल के सामने संचालित बॉडी गैरेज में वेल्डिंग करने के दौरान बिजली के करंट लगने से एक व्यक्ति की मौत हो गई है। वहीं मृतक की पहचान राजकुमार राणा बिरजामु निवासी के रूप में की गई है।

### आकाशीय बिजली की चपेट में आने से दो बच्चों की मौत

**कोडरमा।** तिलैया थाना क्षेत्र अंतर्गत तिलैया बस्ती गौतम बुद्ध नगर वार्ड नं 4 में आकाशीय बिजली की चपेट में आने से दो बच्चों की मौत हो गई। घटना के बाद परिजनों के द्वारा बच्चों को सदर अस्पताल लाया गया, जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है।

### होल्डिंग टैक्स जमा नहीं करने एवं ट्रेड लाइसेंस नहीं लेने पर दुकान सील

**कोडरमा।** नगर पंचायत प्रशासक शशि शेखर सुमन के निर्देशानुसार कोडरमा नगर पंचायत क्षेत्र अंतर्गत कोडरमा बाजार स्थित दुकान उपेंद्र लाल पिता मथुरा लाल का दुकान सील किया गया। वहीं बताया जा रहा है कि उपेंद्र लाल को नगर पंचायत द्वारा दो बार नोटिस दी गई थी, परन्तु उनके द्वारा पत्र का किसी प्रकार से कोई उत्तर नहीं दिया गया है और ना ही होल्डिंग टैक्स कटवाया गया है और ना ही ट्रेड लाइसेंस बनवाया गया है। इसके लिए उनसे एक बार दंड की राशि ली गई थी तथा स्वयं नगर प्रशासक के द्वारा 20 जून 2024 को दुकान बंद कराया गया था मगर उपेंद्र लाल द्वारा सरकारी आदेश का अवहेलना करते हुए पुनः दुकान खोलकर दुकान चलाने लगे। उक्त अलोक में बुधवार को उनका दुकान सील किया गया।

# मुख्यमंत्री से मिला माकपा का डेलीगेशन, संजय पासवान ने उठाया ढीबरा का मुद्दा



खबर मन्त्र संवाददाता

**कोडरमा।** मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी का राज्य स्तरीय डेलीगेशन झारखंड के विभिन्न मुद्दों को लेकर राज्य के मुख्यमंत्री चंपई सोरेन से मिला और कई मुद्दों पर उनसे वार्ता किया। प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व माकपा पोलिट ब्यूरो सदस्य बृंदा करात और राज्य सचिवमंडल सदस्य संजय पासवान ने किया। मुख्यमंत्री से वार्ता के दौरान राजमहल और अमरापाड़ा के कोल परियोजना में विस्थापितों का सवाल, साहेबगंज में अनसर्वे लैंड के कारण विभिन्न प्रमाण पत्र से वंचित रहने का सवाल सहित अन्य मुद्दों को उठाया गया। सीपीएम नेता संजय पासवान ने चतरा में वनभूमि पर वर्षों से रह रहे हजारों भूमिहीन दलितों को वन अधिकार कानून के तहत जमीन का पट्टा देने का आग्रह किया। साथ ही उन्होंने कोडरमा और गिरिडीह का ज्वलंत मुद्दा अबरख और ढ़िबरा का सवाल भी उठाया और मुख्यमंत्री को अवगत कराया कि इस क्षेत्र में लाखों मजदूर की रोजी रोजगार ढिबरा पर निर्भर है। पिछले दिनों झारखंड सरकार ने कानून भी बनाया कि जेएसएमडीसी और सहकारी समितियों के द्वारा खरीद की जायेगी और यहां के लोगों के जीवन स्तर में सुधार होगा। मगर एक साल बीत जाने के बावजूद यह लागू नहीं हुआ है। इस सम्बंध में मुख्यमंत्री ने साकारात्मक आश्वासन दिया। वहीं प्रतिनिधिमंडल में राज्य कमिटी सदस्य सुभाष हेंब्रम, सुरेश मुंडा, अशोक साह एवं राज्य केन्द्र ब्रांच के सदस्य सुधांशु शेखर शामिल थे।

## मादक पदार्थ रोकथाम को लेकर जिला स्तरीय कार्यशाला का आयोजन

# समाज में फैल रहे नशे को हम सभी को मिलकर रोकना होगा : उपायुक्त

खबर मन्त्र संवाददाता



**कोडरमा।** जिले में मादक पदार्थों का दुरुपयोग को कम करने, इसके व्यापर में संलिप्त तस्करों तथा उपयोकर्ताओं के विरुद्ध सख्त कानूनी कारवाई के साथ-साथ समाज को विशेषकर किशोर तथा युवा वर्ग को इसके दुष्प्रभाव के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किये गये। इसी कड़ी में बुधवार को इंजीनियरिंग कॉलेज बागीटांड स्थित ऑडिटोरियम में मादक पदार्थ रोकथाम को लेकर जिला स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में उपायुक्त मेघा भारद्वाज, डीडीसी ऋतुराज, सीएस डॉ. अनिल कुमार, डीएसडब्लूओ शिप्रा सिन्हा शामिल हुए।

वहीं उपायुक्त मेघा भारद्वाज ने कार्यशाला में आये युवाओं को संबोधित करते हुए कहा कि 19 जून से 26 जून 2024 तक नशा मुक्ति को लेकर विभिन्न जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मादक पदार्थों की रोकथाम हेतु संदेश लोगों तक पहुंचाना हमारा उद्देश्य है। उन्होंने कहा कि नशा से सिर्फ एक व्यक्ति ही नहीं बल्कि उसका पूरा परिवार व समाज प्रभावित होता है। समाज में फैल रहे नशे को हमसभी मिलकर रोकना होगा, ताकि आने वाली पीढ़ियों को नशा के सेवन से दूर किया जा सके। उन्होंने कहा कि नशा मुक्त समाज बनाने में हर वर्ग की भूमिका अहम होती है। उन्होंने कहा सबको मिलकर इस कार्य को सफल बनायें और मादक, नशीले पदार्थों का सेवन न करें, गलत राह पर न चलें। अपने करियर पर फोकस करते हुए अपना उज्जवल भविष्य बनायें।

वहीं डीडीसी ऋतुराज ने कहा कि मादक, नशीली पदार्थों के रोकथाम के लिए सभी मिलकर कार्य करें। विभिन्न कार्यक्रम आयोजित कर लोगों को मादक पदार्थ से होने वाले दुष्प्रभाव के प्रति जागरूक करें। वहीं सीएस डॉ. अनिल कुमार ने बताया कि आज युवा से लेकर हर वर्ग मादक पदार्थ की सेवन कर रहा हैं। इससे उनके सेहत पर गहरा असर पड़ता है। मादक पदार्थों के सेवन करने से बचना चाहिए। वहीं डीएसडब्लूओ शिप्रा सिन्हा ने स्वागत भाषण के माध्यम से बताया कि मादक पदार्थों के दुरुपयोग के प्रति ज्यादा से ज्यादा लोगों को जागरूक किया जाय और लोगों को नशे की चपेट में आने से बचाया जा सके।

**बच्चियों को प्रशस्ति पत्र व मेडल देकर किया गया सम्मानित :** उपायुक्त मेघा भारद्वाज द्वारा 19 जून से 26 जून 2024 तक नशा मुक्ति को लेकर जागरूकता कार्यक्रम में बेहतर प्रदर्शन करने वाले बच्चियों को प्रशस्ति पत्र व मेडल देकर सम्मानित किया गया। इस दौरान कई बच्चियों ने अपने परिवार के सदस्यों द्वारा नशे की लत को छोड़ाने के लिए किये गये कार्य का अनुभव साझा किया। वहीं कार्यशाला के दौरान उपायुक्त ने नशा मुक्त भारत अभियान अंतर्गत नशा मुक्ति जागरूकता अभियान की शपथ दिलाई।

### खेलकूद हमारे जीवन का अभिन्न हिस्सा है : डीआईजी

**कोडरमा।** जिला मुख्यालय स्थित बागीटांड़ स्टेडियम में 19वीं उतरी छोटानागपुर क्षेत्रीय पुलिस खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। 26 जून से 28 जून तक चलने वाले उक्त तीन दिवसीय खेलकूद प्रतियोगिता का उदघाटन पुलिस उप निरीक्षक उतरी छोटानागपुर हजारीबाग प्रमण्डल सुनील भाष्कर, उपायुक्त मेघा भारद्वाज और पुलिस आीक्षक अनुदीप सिंह ने संयुक्त रूप से गुब्बारे व शांति का प्रतीक कबूतर उड़ा कर किया। प्रतियोगिता में शामिल कोडरमा, हजारीबाग, चतरा, रामगढ़ और गिरिडीह जिले के पुलिस जवानों व पदाधिकारियों को संबोधित करते हुए डीआईजी श्री भाष्कर ने कहा कि खेलकूद हमारे जीवन का अभिन्न हिस्सा है, इससे शारीरिक और मानसिक विकास में लाभ होता है पहि उन्होंने कहा कि पुलिस के लिये खेल काफी महत्व रखता है, नियमित रूप से खेल खेलने से तनाव दूर करने में मदद मिलती है, साथ ही जीवन मे अनुशासन, संयम और एकजुटता का बोध कराता है। वहीं डीआईजी ने कहा कि उम्मीद करते हैं कि सभी खिलाड़ी पूरे प्रतियोगिता के दौरान उम्दा खेल का प्रदर्शन करेंगे।

# अंतर्राष्ट्रीय नशा मुक्ति दिवस का आयोजन




खबर मन्त्र संवाददाता

**कोडरमा।** झुमरीतिलैया स्थित कैपिटल विश्वविद्यालय परिसर में अंतर्राष्ट्रीय नशा मुक्ति दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत दीप प्रजवल्लित एवं छात्रा मासूमा तथा प्रिया कुमारी के स्वागत नृत्य के साथ की गई। मंच का संचालन जमिल अंसारी द्वारा किया गया। वहीं मुख्य अतिथि के रूप में डॉ. मीरा बिमल मौजूद रही। वहीं विशिष्ठ अतिथि में भगवान दास, प्रेम बिमल, पुष्पा कुमारी, चंद्रिका प्रसाद उपस्थित थे। वहीं अतिथियों का स्वागत पुष्प गुच्छ तथा शॉल ओढाकर किया गया। सेमिनार का मुख्य उद्देश्य यह बताना था कि हम अपनी भाग-दौड़ की जिंद्गी में भी शांति प्राप्त कर सकते हैं। जैसे हमारे जीवन के लिए श्वास जरूरी है, उसी प्रकार हमारे जीवन में शांति का होना भी बहुत जरूरी है। साथ ही यह दिन हमारे समाज के लिए एक महत्वपूर्ण संदेश लेकर आता है। एक ऐसा समाज बनाने का जो नशीली दवाओं के दुरूपयोग से मुक्त हो और सभी के लिए सुरक्षित हो। वहीं मुख्य अतिथि मीरा बिमल ने कहा कि हमारे युवाओं को नशीली दवाओं के खतरे से बचाना अत्यंत आवश्यक है। वे हमारे समाज का भविष्य हैं और उनकी सुरक्षा और भलाई हमारी जिम्मेदारी है। हमें उन्हें सही दिशा में मार्गदर्शन देने, स्वस्थ और सकारात्मक जीवन जीने के लिए प्रेरित करने और नशीली दवाओं के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करने की आवश्यकता है।

# भाजपा ने इंदिरा गांधी द्वारा लगाए गए आपातकाल का किया तीव्र विरोध



खबर मन्त्र संवाददाता

**झुमरीतिलैया (कोडरमा)।** भारतीय जनता पार्टी द्वारा इंदिरा गांधी ने आपातकाल का काला अध्याय लिखा उसको लेकर विवेक विला झुमरीतिलैया में एक संगोष्ठी हुई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व सांसद यदुनाथ पांडेय उपस्थित हुए। बैठक की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष अनूप जोशी तथा संचालन कार्यक्रम संयोजक मानिकचंद सेठ एवं सह संयोजक सुभाष मोदी ने किया। वहीं डॉ. यदुनाथ पाण्डेय ने कहा कि 25 जुन 1975 में लगाए गए आपातकाल की 49वीं वर्षगांठ पर भाजपा उस काले अध्याय की कड़ी आलोचना करती है। तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी के उस निर्णय को लोकतंत्र पर हमला करार देते है।

आपातकाल के दौरान हुई ज्यादतियों और नागरिक अधिकारों के हनन 25 जून 1975 का दिन भारतीय लोकतंत्र के इतिहास में एक काला दिन है। इंदिरा गांधी ने अपनी सत्ता को बचाने के लिए देश पर आपातकाल थोप दिया, जिससे लाखों निर्दोष लोग प्रभावित हुए। पहले देश में लोकसभा विधानसभा का चुनाव एक साथ होता था, लेकिन कांग्रेस ने 356 धारा का दुरुपयोग कर राज्य सरकार गिराई, जिसके चलते मध्यवती चुनाव होने लगे। शाहबानो के केस में भी कांग्रेस ने संविधान का मजाक बनाया। कांग्रेस शुरू से विधायिका की आड़ में संविधान की धज्जियां उड़ाते आई है। वहीं जिलाध्यक्ष अनुप जोशी ने कहा कि आपातकाल के दौरान प्रेस की स्वतंत्रता को कुचला गया। विरोध की आवाजों को दबाया गया और हजारों राजनीतिक कार्यकर्ताओं को बिना किसी कारण जेल में डाला गया। यह एक तानाशाही निर्णय था जिसे किसी भी सूरत में उचित नहीं ठहराया जा सकता। आपातकाल के दौरान देशभर में हुए अत्याचारों को कभी नहीं भुलाया जा सकता। जयपुर महारानी गायत्री देवी और ग्वालियर महारानी विजय राज सिंधिया को जेल में पागलों के बीच रखा गया लॉरेंस फर्नांडिस को इतना मारा गया कि जिंदगी भर सीधे होकर चल नहीं सके। छात्र नेता किस्तैया गोड और और भूमैया को फांसी दे दी गई। कांग्रेस शुरू से संविधान का उल्लंघन करते आई और 356 धारा का दुरुपयोग किया देश में तुष्टिकरण भी कांग्रेस की देन है उन्होंने र्म और समाज को आपस में लड़ाने का कार्य किया और आज भाजपा पर आरोप लगाती है कि 400 पार आने पर संविधान बदल देते। देश में भिंडरावाले हो या सुभाष धीशिंग यह भी कांग्रेस की ही देन हैं। आतंकवादियों को पनपाना और पनाह देना यह कांग्रेस की नीति और नियत रही है।

वहीं भाजपा नेता व पूर्व जिलाध्यक्ष नितेश चंद्रवंशी ने कहा कि भाजपा ने आपातकाल की वर्षगांठ पर देशभर में काला दिवस मनाया।

# आदिवासियों के लिए आज भी अधूरी है आजादी, मूलभूत सुविधाओं से वंचित हैं दुधमटीया के आदिवासी

## कुआं का दूषित पानी पीने को मजबूर, दो चापानल बेकार

अशोक कुमार



**सिमरिया।** सिमरिया प्रखंड क्षेत्र के इचाक पंचायत अंतर्गत दुधमटीया गाँव में लगभग 20 आदिवासी परिवार निवास करते हैं। यह गाँव चारों ओर से पहाड़ों और जंगलों से घिरा हुआ है और शिला से 7 किलोमीटर की दूरी पर स्थित है। ग्रामीणों ने श्रमदान करके जंगलों के बीच से 5 किलोमीटर की कच्ची सड़क बनाई है, लेकिन गाँव में पानी, बिजली और पक्की सड़क जैसी बुनियादी सुविधाओं का अभाव है। ग्रामीण दूषित कुएँ का पानी पीने को मजबूर हैं, स्वास्थ्य सुविधाओं का अभाव है और जलमीनार नहीं बनाया गया है। बिजली की सुविधा भी नहीं है। ग्रामीणों ने सरकार से पानी, बिजली, पक्की सड़क और स्वास्थ्य सुविधाओं की माँग की है। सड़क और स्वास्थ्य सुविधाओं के अभाव में बीमार होने पर कई बार लोग शिला पहुँचने से पहले ही दम तोड़ देते हैं। ग्रामीणों का कहना है कि विधायक, सांसद या कोई भी अधिकारी कभी गाँव नहीं पहुँचा है। विधायक किशुन दास से फोन पर समस्या बताने पर उन्होंने कहा कि यह कौन सा गाँव है, हम नहीं जानते और वहाँ नहीं जा सकते। झारखंड सरकार आदिवासियों के उत्थान के लिए कई योजनाएँ चला रही है, लेकिन यह गाँव सभी सुविधाओं से वंचित है। ग्रामीण मतदान करने के लिए 7 किलोमीटर पहाड़ी चढ़कर शिला आते हैं।

एक नजर में

## नशा उन्मूलन को लेकर जागरूकता रैली एवं सेमिनार आयोजित



खबर मन्त्र संवाददाता

**चतरा।** हंटरगंज प्रखंड के राम नारायण मेमोरियल कॉलेज में एनएसएस के बैनर तले नशा उन्मूलन अभियान को लेकर जागरूकता रैली एवं सेमिनार का भव्य आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का नेतृत्व एनएसएस पीओ डॉ फहीम अहमद ने किया। कॉलेज के सेमिनार हॉल में आयोजित इस कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य प्रो जैनेंद्र कुमार सिंह ने की, जबकि संचालन रुसा कोऑर्डिनेटर प्रो फखरुद्दीन अंसारी एवं एनएसएस की स्वयंसेविका शौर्य कुमारी संयुक्त रूप से कर रहे थे। प्राचार्य प्रो जैनेंद्र कुमार सिंह ने कहा कि आज शपथ लेने का अवसर है कि हम घर, मुहल्ला, समाज एवं सहपाठियों को नशा मुक्त कराने की दिशा में सार्थक प्रयास करेंगे। इस आधुनिक दौर में नवयुवक नशे के लत में घर-बार और अपने जीवन को व्यर्थ में बर्बाद कर रहे हैं।

## बीसीजी वैक्सीनेशन को लेकर बैठक का आयोजन



खबर मन्त्र संवादाता

**गिद्धौर।** बुधवार को प्रखंड कार्यालय परिसर में राष्ट्रीय यक्ष्मा उन्मूलन कार्यक्रम के तहत बीसीजी वैक्सीनेशन को लेकर प्रचार-प्रसार के लिए बैठक आयोजित की गई। बैठक में प्रखंड प्रमुख ने अध्यक्षता की और गिद्धौर पंचायत की मुखिया निर्मला देवी एकमात्र उपस्थित पंचायत प्रतिनिधि रहीं। बैठक में निर्णय लिया गया कि प्रखंड के सभी पंचायत प्रतिनिधियों को शामिल करते हुए पुनः एक कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा ताकि जन-जन तक बीसीजी वैक्सीनेशन की जानकारी पहुँच सके। जिला टीबी पदाधिकारी डॉ.कुमार गुप्ता ने बताया कि 18 वर्ष से अधिक आयु के लोग, 5 वर्ष पूर्व तक टीबी रोग का उपचार ले चुके व्यक्ति, 3 वर्ष पूर्व तक टीबी रोगी की देखभाल करने वाले व्यक्ति, धूम्रपान करने वाले, कुपोषित व्यक्ति, मधुमेह से ग्रसित व्यक्ति और 60 वर्ष से अधिक आयु के व्यक्ति बीसीजी प्रशिक्षण लेंगे। हालांकि, 18 वर्ष से कम आयु के लोग, गर्भवती महिलाएं, स्तनपान कराने वाली महिलाएं, रोग से लड़ने की कम प्रतिरोधक क्षमता वाले लोग, एचआईवी से ग्रसित व्यक्ति, बीमार व्यक्ति और 3 महीने के अंदर ब्लड संग्रह कराने वाले व्यक्ति प्रशिक्षण में भाग नहीं लेंगे। बैठक में डॉ. अंजली भगत, किधर चंचल कुमारी, अनिता कुमारी, गंगापुर निर्मला कुजूर, दूसरी सयासाठी, सुचिता देवी और रंगीला देवी भी उपस्थित थीं।

## नशा उन्मूलन को लेकर चलाया गया जागरुकता अभियान



खबर मन्त्र संवादाता

**सिमरिया (चतरा)।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकार (नालसा) के निर्देश पर चतरा जिले के सिमरिया प्रखंड में नशा उन्मूलन पर जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया।

शिविर में विधिक कार्यकताओं ने नशा से होने वाले नुकसान के बारे में जानकारी दी। विद्यालय के प्राचार्य ने नशापान से होने वाली सामाजिक, आर्थिक, मानसिक और शारीरिक हानि के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि अधिकांश अपराध नशा के सेवन के बाद ही होते हैं। नशा की लत से छुटकारा पाने के लिए सरकार द्वारा पुनर्वास केंद्र और नशा मुक्ति केंद्र की व्यवस्था की गई है। नशा का सेवन करने वाले व्यक्ति के परिवार की स्थिति ठीक नहीं रहती है। युवाओं में नशे की लत एक गंभीर समस्या बन गई है।

## मादक पदार्थ बेचने के मामले में दो गिरफ्तार

खबर मन्त्र संवाददाता

**कोडरमा।** पुलिस अधीक्षक को मंगलवार को गुप्त सूचना प्राप्त हुई कि तिलैया थाना क्षेत्र अन्तर्गत कुछ स्थानों पर अवैध तरीके से मादक पदार्थ (गांजा) बेचा जा रहा है। इसके सत्यापन एवं आवश्यक कार्रवाई के लिए एसपी द्वारा एसडीपीओ जीतवाहन उरांव के नेतृत्व में एक टीम का गठन किया गया, गठित टीम के द्वारा छापेमारी करते हुए गांधी स्कूल रोड स्थित विक्की कुमार सोनी उर्फ छोटू के गुमटी से करीब 116 ग्राम गांजा एवं तिलैया बस्ती स्थित सुरेन्द्र राम के दुकान से करीब 596 ग्राम गांजा बरामद कर विक्की कुमार सोनी उर्फ छोटू एवं सुरेन्द्र राम को गिरफ्तार किया गया।

## जिला सहकारी विकास समिति की बैठक सम्पन्न



खबर मन्त्र संवाददाता

**चतरा।** जिले में जिला सहकारी विकास समिति (डीसीडीसी) की बैठक हुई।

बैठक में नेशनल कॉपरेटिव डाटा बेस सहकारिता मंत्रालय भारत सरकार के पोर्टल पर चतरा जिले के कुल 296 समितियों का डाटा अपलोड करने की जानकारी दी गई। चतरा जिले में वित्तीय वर्ष 2024-25 में राज्य योजना अंतर्गत 100एम.टी. गोदाम की 25 इकाई एवं 500 एम.टी. गोदाम की 5 इकाई निर्माण हेतु भूमि उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए। चतरा जिले में कम्पयूटरीकरण हेतु 78 पैक्सों का चयन किया गया है जिसमें 25 पैक्सों द्वारा प्रशिक्षण प्राप्त कर लिया गया है।

## स्पीड न्यूज

### दूल्ही में खुला ग्राहक सेवा केंद्र



**पाटन पलामू।** पंडवा प्रखंड के दुल्ही में बुधवार को ग्राहक सेवा केंद्र (सीएसपी) का शुभारंभ हुआ। उद्घाटन एसबीआई के क्षेत्रीय प्रबंधक प्रेम झा, मुख्य प्रबंधक वितीय समादेशक राजेश मुंडा व पाटन शाखा प्रबंधक मुकेश कुमार ने किया। मौके पर सीएसपी संचालक नेहा कुमारी, संजीवनी फाउंडेशन के लालू प्रजापति, अभय सिंह, कंचन सिंह, ब्रजेश पाठक, कामाख्या सिंह, राहुल रंजन सिंह भी थे। बैंक अधिकारियों ने कहा कि सीएसपी खुलने से दुलही समेत आसपास के गांव के लोगों को सहूलियत होंगी।

### जिप सदस्य ने सुलझाया नाली का विवाद



**पाटन पलामू।** प्रखंड के केलहार ग्राम में लगभग दो सौ घरों के पानी को कुछ लोगों ने रोक दिया था। जिससे रोड पर पानी जमा हो गया था। आने जाने में लोगों को काफी कठिनाई हो रही थी। इसकी जानकारी ग्रामीणों ने पाटन जिप सदस्य संग्राम सिंह को दी। श्री सिंह ने त्वरित संज्ञान लेते हुए पाटन बीडीओ अमित झा एवं सीओ दीपक मिश्रा को जानकारी दी। बीडीओ ने केलहार मुखिया जैनुल सिद्दीकी को पूर्व की तरह नाली निर्माण कर पानी निकालने को कहा।

### सेमरी आंगनबाड़ी टू में सेविका चयन टला



**पाटन पलामू।** प्रखंड के सेमरी पंचायत में सेमरी आंगनबाड़ी केंद्र 2 में सेविका का चयन कैंसिल कर दिया गया। पाटन सेमरी आंगनबाड़ी केंद्र 2 में सेविका चयन को लेकर आम आम की गयी थी। जिसमें सेविका चयन को लेकर सात आवेदन आये। जिसमें सबसे ज्यादा मार्क्स के आधार पर नंबर दिया गया और चुनाव प्रक्रिया की गयी। जिसे पूर्व मुखिया एवं वर्तमान मुखिया पति शिव साव ने चयन प्रक्रिया को गलत बताकर विरोध किया। मुखिया सुमति देवी ने चयन पत्र पर हस्ताक्षर करने से इंकार कर दिया। सीडीपीओ अनिता कुमारी ने सेविका का चयन अगले आदेश तक रद्द कर दिया। आम सभा में पाटन प्रमुख शोभा देवी, बीस सूत्री अध्यक्ष रामानंद पांडेय, जिप सदस्य संग्राम सिंह, झामुमो प्रखंड अध्यक्ष रंजीत सिंह, सीडीपीओ अनीता कुमारी, सुपरवाइजर सुषमा कुमारी, संतोष पासवान, पंसस पुनम देवी, बीस सूत्री उपाध्यक्ष उमाकांत सिंह, अभिषेक सिंह, नवलेज सिंह भी थे।

### सर्वोदय में अब सभी विषयों के शिक्षक



**सतबरवा पलामू।** सर्वोदय +2 उवि सतबरवा में अभिषेक तिवारी ने बुधवार को 11वीं पास विज्ञान संकाय की मासिक जांच परीक्षा जून सह रेल परियोजना रांची परीक्षा करायी। इसमें भौतिक विज्ञान, रसायन विज्ञान, जीव विज्ञान, गणित, अंग्रेजी कंप्यूटर विज्ञान अर्थशास्त्र, आईटी रिटेल, सभी विज्ञान के विषयों की परीक्षा हुई। सरकार का स्पष्ट निर्देश है कि 75 प्रतिशत उपस्थिति वाले ही विद्यार्थियों का वर्ग 12 में नामांकन तथा परीक्षा फॉर्म भरने का अनुमति दिया जाये। मौके पर राहुल जायसवाल, रवि रंजन कुमार, मुकेश तिवारी, अरविंद कुमार, दिलीप प्रसाद, प्रभारी प्रधानाध्यापक, प्रफुल्लित लकड़ा, सत्यप्रकाश शर्मा, राम रक्षाप्रसाद, भीम यादव थे।

### साइकिल मिलने से छात्र-छात्राओं में शिक्षा की गति होगी तेज : विधायक



**नीलांबर पितांबरपुर पलामू।** विधायक डॉ शशिभूषण मेहता ने प्रखंड के विभिन्न विद्यालयों के 9वीं कक्षा के छात्र-छात्राओं के बीच 140 साइकिल बांटी गयी। झारखंड सरकार के कल्याण विभाग के इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि स्थानीय विधायक व बीडीओ सेवा राम साहू ने बांटी। विधायक ने कहा कि शिक्षा को गति देने के लिए जरूरतमंदों के बीच साइकिल बांटी है। मौके पर बच्चन ठाकुर, लाला प्रसाद यादव, प्रखंड प्रमुख सुनील पासवान, उप प्रमुख कुसुम देवी, संदीप यादव, अजय पासवान थे।

### श्रद्धापूर्वक मनी बिमला देवी की पुण्यतिथि



**नीलांबर पीतांबरपुर पलामू।** लेस्लीगंज हाई स्कूल के संस्थापक स्व रामावल्लभ तिवारी की धर्म पत्नी बिमला देवी की पुण्यतिथि उनके लेस्लीगंज आवास में मनायी गयी। मौके पर उनके परिजनों समेत समाज के प्रबुद्ध लोगों, समाजसेवी और शिक्षाविदों द्वारा उनकी चित्र पर माल्यार्पण कर अपनी विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित की गयी। प्राचार्य अमरेश सिंह ने कहा कि स्कूल के संस्थापक है। स्व राम बल्लभ तिवारी की धर्मपत्नी स्व विमला देवी हमेशा एक गुरु मां के रूप में विद्यार्थियों के बीच बनी रहे और शिक्षा के क्षेत्र में अलग जगाने के लिए अपने पति के साथ हमेशा खड़ी रही यही कारण रहा कि जीवन का स्वर्णिम पल उनका हाई स्कूल में ही बीता।

### धोखे में विधायक आलोक चौरसिया के विरूद्ध दिलाया गया बयान



**मेदिनीनगर।** डालटनगंज-चैनपुर-भंडरिया विस क्षेत्र में विधायक आलोक चौरसिया के विकास कार्य तथाकथित विरोधियों को हजम नहीं हो रहा है। वैसे लोग छल प्रपंच का सहारा लेकर विधायक के विरूद्ध गलत बयानबाजी कर रहे हैं ताकि विधायक की छवि धूमिल हो। उक्त बातें राजा गुप्ता, बिहारी साहु, चंदू चंद्रवंशी, नारायण विश्वकर्मा, संजय यादव, नंदू मोची ने संयुक्त रूप से प्रेस वार्ता कर कही। ये सभी लोग विधायक आवास पर एकजुट होकर रविवार को कचहरी परिसर में हुए बैठक के बाद गलत तरीके से प्रचारित किया गया खबर का खंडन किया।

## एसडीपीओ के नेतृत्व में शहीद कुंदन सिंह का छठा शहादत दिवस मना

खबर मन्त्र संवाददाता



**हुसैनाबाद (पलामू)।** गमहर बीघा में शहीद कुंदन कुमार की छठी पुण्यतिथि मनायी गयी। हुसैनाबाद के एसडीपीओ मुकेश महतो, पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी रमाशंकर पटेल, महिला थाना प्रभारी पार्वती कुमारी आदि ने गमहर बीघा स्थित कुंदन कुमार की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। श्रद्धासुमन अर्पित कर श्रद्धांजलि दी गयी। देश सेवा में उनके अभूतपूर्व योगदान को याद किया गया। एसडीपीओ ने कहा कि बलिदानियों की कुर्बानियों को कभी भुलाया नहीं जा सकता। उनकी कुर्बानी कभी बेकार नहींजाती। उन्हीं के बलिदान के कारण आज हम लोग खुली हवा में सांस ले रहे हैं। साथ ही एसडीपीओ मुकेश कुमार महतो ने बलिदानी कुंदन कुमार की माता शारदा देवी व पिता सुरेश सिंह को अंग वस्त्रभेंट कर सम्मानित किया। ज्ञात हो कि बूढ़ा पहाड़ पर नक्सलियों द्वारा बारूदी सुरंग विस्फोट कर वाहन को उड़ा दिया गया था। इसमें झारखंड जगुआर के कुंदन कुमार सिंह समेत छः अन्य जवान बलिदानी हुए थे। कामगारपुर पिकेट प्रभारी सुबोध सिंह, देवरी ओपी प्रभारी संजय कुमार यादव, एसआई तंजीलुल मन्नान आदि पुलिस बल मौजूद थे।

## कार्यकर्ताओं को सम्मानित कर गौरवान्वित महसूस कर रही, गांव-गांव लगाऊंगी चौपाल : अरुणा शंकर

खबर मन्त्र संवाददाता







**मेदिनीनगर।** प्रथम महापौर सह भाजपा नेत्री अरुणा शंकर ने केंद्रीय कृषि मंत्री सह झारखंड विधान सभा चुनाव प्रभारी शिवराज सिंह चौहान एवं सह प्रभारी असम के मुख्यमंत्री हेमंता विश्व शर्मा के आह्वान पर कार्यकताओं को बुलाकर बात करने की बजाय उनके घर तक जाकर सम्मान देना तथा भारत सरकार द्वारा संचालित योजनाओं को ग्रामीणों के बीच चौपाल लगाकर बताने के निर्देश के आलोक में गांव गांव जाकर चौपाल लगाने एवं गत लोकसभा चुनाव में डाल्टनगंज विधानसभा के हर मंडल में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन हेतु डाल्टनगंज विधानसभा के सभी मंडल अध्यक्षों को घर घर जाकर सम्मानित करने का निर्णय लेते हुए नगर मंडल अध्यक्ष छोटू सिन्हा को, ग्रामीण मंडल अध्यक्ष सुनील पांडेय और चैनपुर मंडल अध्यक्ष शशि भूषण पांडेय को घर जाकर सम्मानित किया। प्रथम महापौर ने कहा कि किसी भी चुनाव में प्रत्याशी चुनाव नहीं लड़ता कार्यकर्ता चुनाव लड़ते हैं जो संगठन के रीढ़ होते हैं। प्रथम महापौर ने कहा आज मैं मंडल अध्यक्षों को सम्मानित कर अपने आप को गौरवान्वित महसूस कर रही हूं और आने वाले समय में बुथ स्तर तक जाकर कार्यकर्ताओं को सम्मानित करूंगी।

## ज्योतिरीश्वर ने राज्य में आदिवासी नेतृत्व मजबूत करने की मांग उठायी

- केंद्रीय मंत्रिमंडल में अर्जुन मुंडा को स्थान देने की मांग
- आशा लकड़ा को बताया कल्पना सोरेन की काट

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची /मेदिनीनगर।** भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष ज्योतिरीश्वर सिंह ने आगामी विधानसभा चुनाव के मद्देनजर राज्य में भाजपा संगठन में आदिवासी नेतृत्व को मजबूत करने पर बल दिया है। इसे लेकर अर्जुन मुंडा को केंद्रीय मंत्रिमंडल और आशा लकड़ा को सशक्त महिला नेतृत्व के तौर पर प्रमोट करने की मांग की है। कहा कि यह उनकी निजी राय नहीं है, बल्कि पार्टी के कार्यकर्ता और नेताओं की भी कमोबेश यही राय है। नेता और कार्यकताओं की यह भावना भाजपा के केंद्रीय नेतृत्व तक पहुंचे, इसे लेकर मोर्चा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष श्री सिंह ने पार्टी के राज्य विधानसभा चुनाव प्रभारी सह केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान को पत्र लिखा है।



पत्र में श्री सिंह ने कहा कि मौजूदा दौर में हम सभी का एक ही लक्ष्य है राज्य में भाजपा की सरकार बनाना। लोकसभा चुनाव के जो परिणाम आये हैं, उसमें 81 विधानसभा क्षेत्र में 52 जगहों पर भाजपा को बढ़त मिली है। निश्चित तौर पर यह पार्टी के लिए उत्साह का विषय है। पर इसके साथ हम सभी को यह भी नहीं भूलना चाहिए कि 14 सीट में जनजाति बहुल वाले पांच सीट पर पार्टी को हार का सामना करना पड़ा है। आवश्यक है कि बाबूलाल मरांडी के नेतृत्व में पार्टी में आदिवासी नेतृत्व को सशक्त बनाने की दिशा में काम हो। सिर्फ नाम गिनाने के लिए नहीं, बल्कि वैसे आदिवासी नेताओं को आगे लाना चाहिए, जिनका अपने समाज के साथ समग्र समाज पर प्रभाव हो। उनकी दृष्टि में आज की तिथि में दल में अर्जुन मुंडा से कारगर और कोई दूसरा नाम नहीं है। पूर्व प्रदेश अध्यक्ष श्री सिंह ने साफ किया कि चुनाव को लेकर जो बैठक की गयी, उसमें चुनाव प्रभारी व सह प्रभारी आये पर इस बैठक में न तो श्री मुंडा ही दिखे और न ही आशा लकड़ा। इस परिस्थिति में आम कार्यकताओं के मन में सवाल उठना स्वाभाविक है। चुनाव में हार जीत किसी भी नेता की लोकप्रियता को मापने का पैमाना नहीं होता। श्री सिंह ने कहा जिस तरह उत्तर प्रदेश में चुनाव हारने के बाद भी केशव प्रसाद मौर्य को उप मुख्यमंत्री और उत्तराखंड में पुष्कर धामी को सीएम बनाया गया, उसी तरह का प्रयोग झारखंड में अर्जुन मुंडा के लिए भी हो, तो दल व राज्य हित में बेहतर होता। कहा कि भ्रष्टाचार के मामले में हेमंत सोरेन के जेल जाने के बाद झामुमो कल्पना सोरेन को आगे कर साहनूभूति बटोरने का प्रयास कर रहा है, उस पर ब्रेक लगाने के लिए आशा लकड़ा को चुनाव में एक्टिव मोड में लगाना मौजूदा दौर में नितांत आवश्यक प्रतीत हो रहा है।

### विधायक ने ढेला ग्राम में किया ट्रांसफार्मर का उद्घाटन

## अब गांव के लोगों को मिलेगी लो वोल्टेज से निजात: डॉ शशिभूषण

खबर मन्त्र संवाददाता

**नीलांबर पीतांबरपुर पलामू।** पांकी विधायक डॉ कुशवाहा शशि भूषण मेहता ने सोमवार की देर शाम ढेला गांव में ट्रांसफार्मर का उदघाटन किया। पांकी विधायक डॉ मेहता, प्रखंड प्रमुख सुनील कुमार पासवान, मुखिया पूनम देवी ने संयुक्त रूप से पूजा अर्चना एवं फिता काटकर ट्रांसफार्मर का स्विच दिया। स्विच देते ही ढेला गांव में बिजली की सप्लाई शुरू हो गयी।

मौके पर पांकी विधायक ने कहा कि नीलांबर पीतांबरपुर प्रखंड मुख्यालय से सटे ढेला गांव के लोग बिजली समस्या से परेशान थे। इसकी सूचना मिलने पर तत्काल संज्ञान लिया और यहां लोड को देखते हुए 200 केवीए का ट्रांसफार्मर लगवाया है। अब गांव के लोगों को लो-वोल्टेज की समस्या नहीं होगी। बच्चों को पढ़ाई करने में दिक्कत नहीं होगा, साथ ही बिजली समस्या को लेकर उत्पन्न हुई पेयजल संकट भी दूर होगा।



उन्होंने कहा कि हाल ही में पांकी में भी 200 केवीए का दो ट्रांसफार्मर लगवा कर वहां के लोगों को बिजली समस्या से निजात दिलायी है। सड़क, बिजली, पानी जैसी बुनियादी सुविधाओं को लेकर विधानसभा क्षेत्र में जोरों पर काम हो रहा है। समस्याओं का समाधान पहली प्राथमिकता है। मौके पर मुखिया पूनम देवी ने 200 केवीए का ट्रांसफार्मर मुहैया कराने पर पांकी विधायक को धन्यवाद दिया। कहा कि अब गांव के आधे हिस्से में इस ट्रांसफार्मर से बिजली आपूर्ति होगी तथा आधे हिस्से में पुराने वाले ट्रांसफार्मर से ग्रामीणों को बिजली मिलेगा। जिससे अब गांव में भी लो वोल्टेज नहीं होगा। मौके पर ग्रामीण ने विधायक का गर्मजोशी से स्वागत किया। मौके पर सुदेश सिन्हा, संजीव सिन्हा, वीरेंद्र कुमार, लाला प्रसाद याढव, प्रोफेसर बच्चन ठाकुर, सुनील कुशवाहा, पंकज मिश्रा, देवराज, चीकू, पालो राम, विशवनाथ भुईया, अमारीक भुइयां, चंद्रधन साव उपस्थित थे।

### ओम बिरला के लोकसभा अध्यक्ष चुने जाने पर बधाई



**मेदिनीनगर।** ओम बिरला को लोकसभा का स्पीकर चुने जाने पर रिपब्लिकन पार्टी ऑफ इंडिया आठवले के प्रदेश उपाध्यक्ष राकेश कुमार सिंह ने बधाई दी है। श्री सिंह ने कहा कि सत्ता पक्ष के सदस्यों की तरह विपक्ष के सदस्यों को भी अपनी बात रखने का पूरा मौका दिया जाएगा और लोकतांत्रिक मूल्यों को और अधिक मजबूती देंगे। विपक्ष के खींचा तानी के बीच एनडीए एवं भारत राष्ट्र की सबसे बड़ी लोकतंत्र का विजय है।

## मतदाता सूची में नाम जोड़ने को सभी बीएलओ और पर्यवेक्षकों के साथ बैठक

- मतदाता सूची का द्वितीय विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम 2024 को लेकर सभी पर्यवेक्षकों को सौंपे टास्क



खबर मन्त्र संवाददाता

**मेदिनीनगर।** पलामू के जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त शशि रंजन ने एक जुलाई 2024 को 18 वर्ष पूरा करने वाले नये मतदाताओं का नाम मतदाता सूची में जोड़ने को लेकर निर्देश दिये। वे बुधवार को समाहरणालय सभागार में जिले में पड़ने वाले सभी पांचों विधानसभा के बीएलओ पर्यवेक्षकों के साथ मतदाता सूची का द्वितीय विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम 2024 को लेकर समीक्षा कर रहे थे। बताया कि पुनरीक्षण कार्यक्रम अंतर्गत दो चरणों में पुनरीक्षण कार्य होगा पहले चरण 25 जून से 24 जुलाई तक प्री रिवीजन एक्टिविटीज जबकि दूसरा चरण 25 जुलाई से 20 अगस्त तक रिवीजन एक्टिविटीज के लिए निर्धारित की गयी है। बताया कि विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम के तहत 25 जुलाई को एकीकृत मतदाता सूची का प्रारूप प्रकाशन होगा जबकि 20 अगस्त से निर्वाचक सूची का अंतिम प्रकाशन किया जायेगा।

## 24 तक चलेगा मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्य घर-घर जाकर मतदाता सूची का पुनरीक्षण

- द्वितीय मतदाता संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम 2024 को लेकर बीडीओ ने राजनीतिक दलों के साथ की बैठक



खबर मन्त्र संवाददाता

**विश्रामपुर (पलामू)।** बीडीओ सह सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी चंद्रदेव प्रसाद की अध्यक्षता में बुधवार को प्रखंड कार्यालय के सभागार में मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों की बैठक हुई। बैठक में मतदाता सूची के द्वितीय विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम में उपस्थित सदस्यों से सहयोग की अपील की गयी। उप निर्वाचन पदाधिकारी चंद्रदेव प्रसाद ने बताया कि निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार 25 जून से 24 जुलाई तक मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्यक्रम चलाया जा रहा है। इसके तहत बीएलओ घर-घर जा कर मतदाता सूची का पुनरीक्षण कार्य करेंगे। इसी क्रम में राजनीतिक दलों से अपेक्षा है कि मतदाता सूची के पुनरीक्षण कार्य में सहयोग करें। साथ ही यदि उनके पास मतदाताओं से प्राप्त शिकायतें हैं तो उसकी सूची भी उपलब्ध करायें,जिसे समय रहते दूर किया जा सके।

### वृहद स्तर पर पौधरोपण अभियान चलायें : नवीन



**मेदिनीनगर।** मानसून झारखंड प्रवेश कर चुका है। अगले कुछ दिनों में पलामू भी मानसून प्रवेश कर जायेगा। ऐसे में हम सबको पौधरोपण पर पहल करने की जरूरत है। यह कहना है सामाजिक कार्यकर्ता नवीन तिवारी का। उन्होंने कहा कि प्रकृति की सुरक्षा व पानी के जलस्तर बनाये रखने को लेकर पौधरोपण करने की जरूरत है।

### मंत्री अन्नपूर्णा और संजय सेठ को दी बधाई



**हुसैनाबाद।** भाजपा उर्दवार मंडल हुसैनाबाद के अध्यक्ष रामराज प्रसाद मेहता ने झारखंड प्रदेश से सांसद एवं भारत सरकार में केंद्रीय मंत्री महिला बाल विकास विभाग भारत सरकार अन्नपूर्णा देवी व केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री भारत सरकार संजय सेठ से मुलाकात कर बधाई दी। साथ ही श्री मेहता ने लोकसभा में स्पीकर पद पर दूसरी बार निर्वाचित होने पर ओम बिरला को बधाई दी। इस दौरान रांची के कुशवाहा शिवचरण मेहता मौजूद थे।

## प्रखंड और अंचल के कर्मी समय पर कार्यालय पहुंचें : विधायक

खबर मन्त्र संवाददाता



**नीलांबर पितांबरपुर पलामू।** विधायक डॉ कुशवाहा शशिभूषण मेहता ने लोगों की समस्या को देख प्रखंड सह अंचल कार्यालय में समीक्षा बैठक की। जिसमें प्रखंड सह अंचल पदाधिकारी सेवा राम साहू सहित कार्यालय कर्मी मौजूद थे। कार्यालय में कई दिनों से सभी सरकारी काम बाधित रहने के चलते लोगों को समस्या हो रही थी। तत्कालीन प्रखंड सह अंचल पदाधिकारी सुकेसनी केरकेट्टा के मातृत्व अवकाश में चले जाने से सभी सरकारी कार्य बाधित थे। उपायुक्त के निर्देश पर जिले के कल्याण पदाधिकारी सेवा राम साहू को प्रखंड सह अंचल का अतिरिक्त प्रभार दिया गया।

### सगे भाइयों में मारपीट नाबालिग को लगी गोली

**पांकी, पलामू।** सगे भाइयों के बीच हो रही मारपीट देखने के दौरान एक नाबालिग को गोली लग गयी। नाबालिग को गंभीर हालत में इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। वहीं पुलिस ने कार्रवाई करते हुए दो आरोपियों को हिरासत में लिया है और उनसे पूछताछ कर रही है। घटना पलामू के पांकी थाना क्षेत्र के माड़न गांव की है। दरअसल पांकी थाना क्षेत्र के माड़न में वासुदेव राम और राजकुमार राम के बीच सड़क की जमीन को लेकर विवाद है। वासुदेव राम और राजकुमार राम सगे भाई हैं।

## मृतक के परिजनों से मिले भाजपा नेता, दी सांत्वना

खबर मन्त्र संवाददाता



**विश्रामपुर (पलामू)।** भाजपा प्रदेश कार्य समिति सदस्य डॉ ईश्वर सागर चंद्रवंशी मृतक नंदलाल चंद्रवंशी के परिजनों से मिले। उन्होंने परिवार वालों को ढाढ़स बंधाया। साथ ही शव पर पुष्प चढ़ा कर श्रद्धा-सुमन अर्पित किया। यहां उल्लेखनीय है कि विश्रामपुर नप मुख्यालय निवासी नंदलाल चंद्रवंशी का निधन बुधवार को हो गया। वे पिछले कई दिनों से बीमार थे। जानकारी मिलते ही श्री चंद्रवंशी मृतक के घर पहुंचे और दुःख व्यक्त करते हुये श्रद्धा-सुमन अर्पित किया। उन्होंने परिजनों को हर संभव मदद का भरोसा भी दिया। मौके पर निवर्तमान वार्ड पार्षद सुनील कुमार चौधरी, इदरीश हवारी, शंकर चंद्रवंशी, असलम बहादुर मौजूद थे।

### प्रेम प्रसंग में करायी गयी लड़का-लड़की की शादी



**पाटन पलामू।** प्रखंड के ग्राम चिल्हो निवासी लालती कुमारी (19) पिता योगेन्द्र भुइयां और पाटन प्रखंड के सतौआ निवासी राकेश भुइयां (22) पिता रामलाल भुइयां दोनों को ग्रामीणों ने प्रेम प्रसंग के मामले में शादी करा दिया। बीती रात लालती और राकेश एक साथ घर में पकड़े गये थे। दोनों को लड़की के परिजनों ने रात भर रूम में बंद कर दिया। बुधवार को पाटन के द्वारपाल बीर कुंवर धाम पर दोनों को हिंदू रीति रिवाज के साथ शादी करवा दी गयी। शादी दोनों पक्ष के परिजनों के सहमति से करायी गयी। प्रेमिका प्रेमी दोनों का प्रेम प्रसंग लगभग दो वर्षों से चली आ रही थी। प्रेमी राकेश भुइयां पोकलेन ड्राइवर है।

## भाजपा प्रदेश कार्यालय में संगठन महामंत्री से मिली उंटारी रोड महिला मोर्चा की अध्यक्ष

### कई बिंदुओं पर जोरदार चर्चा

खबर मन्त्र संवाददाता



संगठन महामंत्री को बुके देकर सम्मानित करती रेखा सिंह।

**उंटारी रोड पलामू।** प्रखंड के भाजपा महिला मोर्चा अध्यक्ष रेखा सिंह बुधवार को निजी प्रवास के दौरान भाजपा प्रदेश कार्यालय रांची पहुंची। जहां वे भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी से उनके आवास पर शिष्टाचार मुलाकर कर अपने क्षेत्र की जनसमस्याओं से अवगत करवाया। जिसके उपरांत श्री मति देवी प्रदेश कार्यालय में जाकर संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह से मिली। संगठन महामंत्री ने पलामू लोकसभा से भाजपा के बीडी राम की शानदार जीत पर हर्ष व्यक्त करते हुए जीत का श्रेय पार्टी कार्यकताओं को दिया साथ ही आगामी विधानसभा चुनाव में भी संगठन को और मजबूत कर भाजपा के पक्ष में माहौल बनाने की बात कही। वही श्री मति देवी का भाजपा महिला प्रदेश अध्यक्ष आरती सिंह व कोडरमा विधायक नीरा यादव से हुई मुलाकात में आगे भी निरंतर पार्टी हित में लगन से कार्य करने का उन्हें प्रोत्साहित किया गया।

## नीलगाय के आतंक से परेशान हैं जिले के किसान, मदद की गुहार

खबर मन्त्र संवाददाता



प्रभावित फसल को दिखाता भुक्तभोगी किसान।

**मेदिनीनगर।** फसलों के दुश्मन नीलगाय अब जंगली क्षेत्रों को छोड़ कर गांवों का रूख कर लिया है। इस कारण गांवों में फसलों का व्यापक नुकसान हो रहा है। नीलगाय का आतंक इतना बढ़ गया है कि कई किसानों का कमर तोड कर रख दिया है। नीलगाय फसलों को चरने से ज्यादा रौंद दे रहा है। एक साथ दस पंद्रह के झुंड में खेतों में विचरण कर रहे इस जंगली जानवरों से किसानों के सामने अपने फसल के बचाव का कोई उपाय नहीं दिख रहा है।

पड़वा प्रखंड क्षेत्र के लोहड़ा के किसान श्रीकांत मिश्रा ने बताया कि नीलगाय का आतंक से किसान परेशान हो गए हैं। महंगा बीज, खाद के साथ साथ 1200 रुपये प्रति घंटे की दर से ट्रैक्टर से खेत जोतवा कर मूंग की खेती किये थे। लेकिन नीलगाय का झुंड पूरा फसल को बर्बाद कर दिया। श्रीकांत मिश्रा ने बताया कि यदि नीलगायों का यही आतंक रहा तो खेती करना मुश्किल हो जाएगा। नीलगाय का आतंक केवल पड़वा प्रखण्ड क्षेत्र में ही नहीं वल्कि कमोबेश पूरे जिले के किसान परेशान हैं। नीलगाय से किसानों को राहत दिलाने के लिए अभी तक शासन प्रशासन में बैठे लोगों द्वारा कोई सार्थक पहल नहीं किये जाने से किसानों में आक्रोश व्याप्त है।

